आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹99809/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹121900/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹133066/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNaND Jewels Pandri, Raipur
*Conditions apply



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025


मुख्य सचिव ने जारी किया सभी विभागों के लिए आदेश

# छत्तीसगढ़ में पहली जनवरी से बदल जाएगा सरकारी कामकाज का तरीका, फाइलें होंगी गायब, काम करेगा ई-आफिस सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

छत्तीसगढ़ में बरसों-बरस से चली आ रही सरकारी कार्यप्रणाली के तौर-तरीकों में अब 1 जनवरी 2026 से बड़ा बदलाव आने वाला है। अब तक जो कामकाज सरकारी दस्तावेज, फाइलों, नस्तियों के माध्यम से चलते हुए लाल फीताशाही की परंपरा के साथ चलता रहा था, वह सब कुछ खत्म किया जा रहा है। मंत्रालय से लेकर सरकारी दफ्तरों

### इसलिए लागू हो रही है ये व्यवस्था

मुख्य सचिव ने इस संबंध में जारी आदेश में साफ किया है कि यह व्यवस्था क्यों लागू की जा रही है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में शासकीय कार्य को अधिक प्रभावी, सरलीकृत, उत्तरदायी, और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय, विभागाध्यक्ष और जिले स्तर पर ई-ऑफिस प्रारम्भ किया गया है। मंत्रालय के समस्त विभागों और राज्य के विभिन्न कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से नस्ती और डाक का संपादन किया जा रहा है।



**अफसर बाहर से और छुट्टी के दिन भी काम कर सकते हैं:** राज्य में यह सिस्टम लागू होने यह सुविधा भी मिलेगी कि अधिकारियों द्वारा शासकीय प्रयास के दौरान मुख्यालय से अन्यत्र भी ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संपादित कर सकेंगे।) सार्वजनिक अवकाश अवधि में शासकीय सेवक ईऑफिस के माध्यम से जरुरत के हिसाब से काम कर सकते हैं।

### जनवरी 2026 से होगी ये व्यवस्था

1 जनवरी, 2026 से समस्त विभागाध्यक्ष, संभाग आयुक्त और कलेक्टर कार्यालय मे संपूर्ण कार्यालयीन नस्ती और डाक का संपादन ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाएगा। विभाग प्रमुख के अनुमोदन के बिना कोई भी फिजिकल फाईल संचालित नहीं किया जाए।

कलेक्टरों के कार्यालयों में अब ई-ऑफिस सिस्टम काम करेगा। किसी भी विभाग प्रमुख की अनुमति के बिना कोई भी दस्तावेजी( फिजिकल) फाइल चलाने पर भी रोक लगा दी गई है।

राज्य के मुख्य सचिव ने इस संबंध में प्रदेश के शासन के समस्त विभाग, अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, बिलासपुर,समस्त विभागाध्यक्ष,समस्त संभागायुक्त,समस्त कलेक्टर छत्तीसगढ़ के लिए आदेश जारी कर दिया है। राज्य में पिछले करीब एक साल से ई-आफिस प्रक्रिया शुरु करने की कोशिश की जा रही थी।



### ई आफिस सिस्टम से चलेंगी फाइलें

ऐसे प्रकरण जिस पर शासन स्तर पर सहमति या अनुमोदन की आवश्यकता हो उसे अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस के फाईल के माध्यम से ही शासन को प्रेषित किया जाए। सूचनात्मक पत्राचार ई-ऑफिस के रिसीप्ट (पावती) के माध्यम से किये जाए।

### होगा ये फायदा

ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने से सरकारी कामकाज में काफी सुधार आने की संभावना है। डिजिटल ट्रैकिंग के कारण, यह पता लगाना आसान होता है कि फ़ाइल किस अधिकारी के पास कितने समय से लंबित है, जिससे कार्य में पारदर्शिता आती है और जवाबदेही तय होती है। नस्ती को एक टेबल से दूसरे टेबल पर ले जाने में लगने वाला समय समाप्त हो जाता है। डिजिटल हस्ताक्षर के प्रयोग से फ़ाइलों पर त्वरित निर्णय लिए जा सकते हैं। सुरक्षित अभिलेख संधारण: महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों का डिजिटल रूप से सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित होता है, जिससे उनके नष्ट होने का खतरा कम हो जाता है। कागज, प्रिंटिंग और फ़ाइल रखने की लागत में भारी कमी आती है, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है।

## खबर संक्षेप

### राजकुमार ने ली मुख्य सूचना आयुक्त की शपथ

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व



अधिकारी राज कुमार गोयल को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में सोमवार को शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति ने इस पद के लिए गोयल के नाम की सिफारिश की थी। राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में में गोयल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### तीन बेटियों के साथ पिता के शव लटके मिले

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक व्यक्ति और उसकी तीन नाबालिग बेटियों के शव उनके घर में फंदे से लटके मिले। मृतकों की पहचान अमरनाथ राम और उनकी तीन बेटियों राधा कुमारी, राधिका और शिवानी के रूप में हुई है। तीनों बच्चियों की उम्र नौ से 12 वर्ष के बीच थी। यह घटना सकरा थाना क्षेत्र के नवालपुर मिश्रौलिया गांव में रविवार देर शाम की है।

### दिल्ली का लाल किला आज से खुलेगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली लाल किला परिसर मंगलवार से आम पर्यटकों



के लिए खुल जाएगा। यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल श्रेणी में शामिल 17वीं शताब्दी का यह किला पांच दिसंबर से आम जनता के लिए बंद है। लाल किले में आठ से 13 दिसंबर तक यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत संरक्षण संबंधी सत्र आयोजित किया गया था।

### लोकसभा ने दी तीन दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सोमवार को अपने तीन पूर्व सदस्यों सुभाष आहूजा, प्रोफेसर सलाउद्दीन और बालकृष्ण चौहान के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बैठक शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को तीनों पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर तीनों दिवंगत पूर्व सांसदों को श्रद्धांजलि दी। बिरला ने बताया कि सुभाष आहूजा मध्य प्रदेश की बैतूल संसदीय सीट से छठी लोकसभा के सदस्य थे। उनका निधन गत 18 अगस्त को 75 वर्ष की आयु में हो गया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से तीन युवकों की मौत

**कौशांबी।** यूपी के कौशांबी जिले में एक ट्रैक्टर ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दोपहिया वाहन पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार रात पश्चिम शरीरा थाना के गांव बरैसा के पास उस वक्त की है, जब इसी गांव के निवासी जितेंद्र रविदास (22) अपने साथी अनिल (21), धर्मशील (20) और श्रीचंद (22) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

## सूरजपुर वनमंडल में मिला टाइगर का शव, खैरागढ़ वनमंडल में पाया गया तेंदुए का शव, कानन पेण्डारी जू में बाघिन ने तोड़ा दम

# 'बघवा' पर शिकारी भारी, दो बाघ, एक तेंदुए की मौत, दो के नाखून-दांत गायब!

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/अंबिकापुर/खैरागढ़

**छत्तीसगढ़ में एक ही दिन में दो बाघ और एक तेंदुए की मौत हो गई। सूरजपुर वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र घुई के रेवटी जंगल में बाघ का शव मिलने से वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मृत बाघ के शरीर पर चोट के गंभीर निशान मिलने एवं दांत व नाखून गायब होने के कारण प्रथम दृष्टया उसका शिकार करने की आशंका जताई जा रही है। इधर, कानन पेण्डारी जू में पिछले कई सालों से बीमार उम्रदराज बाघिन रागिनी ने आखिरकार दम तोड़ दिया। इस बीच, खैरागढ़ वनमंडल के कोपेनवागांव-मुढ़ीपार क्षेत्र में सोमवार सुबह तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया।**

**खास खबर**

सूरजपुर वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र घुई के रेवटी जंगल में बाघ का शव मिलने से वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मृत बाघ के शरीर पर चोट के गंभीर निशान मिलने एवं दांत व नाखून गायब होने के कारण प्रथम दृष्टया उसका शिकार करने की आशंका। जताई जा रही है। वन परिक्षेत्र घुई के भैसामुण्डा सर्किल अंतर्गत रेवटी जंगल में गए ग्रामीण अचानक मृत बाघ का शव देख सन्न रह गए। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही रेंजर से लेकर मुख्य वन संरक्षक तक के अधिकारी पशुचिकित्सकों के साथ घटनास्थल पहुंचे एवं स्थितियों का जायजा लिया। मृत बाघ का शव फूल गया है तथा शव में सड़न भी शुरू हो गई है। स्थिति को देखते हुए बाघ ⏭ शेष पेज 6 पर



### बुलाई गई है टीम

प्रथम दृष्टया बाघ का अवैध शिकार करने का अनुमान लगाया जा रहा है। गुरुघासी दास नेशनल पार्क एवं कानन पेंडारी से स्नीफर डॉग व विशेषज्ञों को बुलाया गया है। विशेषज्ञों की जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-वेंकट चेलम, सीसीएफ, वाइल्ड लाइफ

### विशेषज्ञों के पहुंचने का इंतजार

देर शाम तक मुख्य वन संरक्षक दिलराज प्रभाकर एवं मुख्य वन संरक्षक सीसीएफ वाइल्ड लाइफ वेंकट चेलम सहित विभाग के अन्य अधिकारी घटनास्थल पर ही मौजूद हैं तथा गुरूघासीदास नेशनल पार्क एवं कानन पेंडारी से विशेषज्ञों व स्नीफर डॉग के पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। घटनास्थल के पास विशेषज्ञ पशु चिकित्सक भी मौजूद हैं लेकिन बाघ के शव के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। स्नीफर डॉग व विशेषज्ञों की जांच के बाद ही बाघ का पीएम कराने की तैयारी है।



### उम्रदराज बाघिन रागिनी की मौत

बिलासपुर जिले के कानन पेण्डारी जू में पिछले कई सालों से बीमार उम्रदराज बाघिन रागिनी ने आखिरकार दम तोड़ दिया। बीमार रागिनी का डॉक्टर उपचार कर रहे थे, जो बीमारी की हालत में भी दूसरी टाइग्रेस से ज्यादा फुर्तीली थी। डॉक्टरों ने रागिनी की मौत का कारण उम्र पूरी होना बताया है। अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर में शामिल कानन पेण्डारी जू में बाघिन रागिनी को 11 अगस्त 2018 को नंदन वन जंगल सफारी रायपुर से कानन पेण्डारी जूलॉजिकल ⏭ शेष पेज 6 पर

### तेंदुए के पंजे, नाखून और दांत काटकर ले गए शिकारी



**खैरागढ़।** खैरागढ़-डोंगरगढ़ के बीच स्थित वन ग्राम बनबोड़ क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक वयस्क तेंदुए की निर्मम हत्या कर दी गई। शिकारियों ने तेंदुए के पंजे, नाखून और जबड़े के दांत काटकर ले गए। जिससे यह मामला सीधे तौर पर संगठित अवैध शिकार की ओर इशारा करता है। जानकारी के अनुसार खैरागढ़ वनमंडल के कोपेनवागांव-मुढ़ीपार क्षेत्र में सोमवार ⏭ शेष पेज 6 पर

### संदिग्धों से पूछताछ जारी

इस मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं घटनास्थल को सुरक्षा बलों के साथ सील कर दिया गया है। गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड को भी जांच में शामिल किया गया है और आसपास के गांवों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। वन विभाग द्वारा वन्यजीव संरक्षण नियमों के तहत तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### होगी कार्रवाई

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और यदि अवैध शिकार या आपराधिक गतिविधि की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। - आरके टंडन, रेंजर

## धान खरीदी पर कांग्रेस का स्थगन अग्राह्य

# सरकार ने कहा-निर्बाध धान खरीदी 24 घंटे टोकन की सुविधा, अब तक 7,771 करोड़ का भुगतान

**खास बातें**

- सीएम साय ने कहा-चौबीसों घंटे टोकन की सुविधा, धान खरीदी के लिए बेहतर इंतजाम
- महंत के आरोप पर सरकार ने कहा-छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**





विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन धान खरीदी का मुद्दा गूंजा। छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुई धान खरीदी को लेकर विपक्ष स्थगन प्रस्ताव लेकर आया। आसंदी ने प्रस्ताव अग्राह्य कर दिया। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा, किसानों को धान बेचने, पहुंचाने, टोकन की परेशानी हो रही है। जिस रफ्तार से खरीदी की जा रही है लगता नहीं कि सरकार धान खरीदी का लक्ष्य पूरा कर पाएगी। वहीं सरकार का दावा है कि प्रदेश में सुचारू रूप से धान खरीदी की जा रही है। 2 हजार 739 धान खरीदी ⏭ शेष पेज 6 पर

### एग्रीस्टेक पंजीयन से कुछ श्रेणियों को छूट

श्री साय ने कहा कि संस्थागत पंजीयन, भूमिहीन किसान (अधिया/रेगहा), डूबान क्षेत्र के किसान, वन अधिकार पट्टाधारी किसान तथा ग्राम कोटवार (शासकीय पट्टेदार) श्रेणी के किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन से छूट प्रदान की गई है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन का कार्य वर्तमान में भी सतत रूप से जारी है।

# शाह-नड्डा ने नबीन को बैठाया कुर्सी पर, इधर, चुनाव प्रभारी तय, पीयूष तमिलनाडु, पांडा संभालेंगे असम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को पदभार संभाल लिया। पटना से दिल्ली पहुंचने पर उनका ग्रैंड वेलकम हुआ। वे भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाथ पकड़कर उन्हें कुर्सी पर बिठाया। इधर, दो राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए भाजपा ने प्रभारी तय किए हैं। पीयूष गोयल को तमिलनाडु और बैजयंत पांडा को असम का प्रभारी बनाया गया है। नितिन नबीन ने सोमवार को यहां भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में पार्टी के नये राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान, ⏭ शेष पेज 6 पर

## भाजपा मुख्यालय में नए कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का ग्रैंड वेलकम




पार्टी दफ्तर में नितिन को बधाई देने का लगा रहा तांता

### छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट कार्यकाल

भाजपा नेताओं ने कहा कि बिहार के मंत्री और छत्तीसगढ़ के पार्टी प्रभारी के रूप में नितिन नबीन का कार्यकाल उत्कृष्ट रहा। इसमें संगठन का प्रभावशाली नेतृत्व करने की उनकी क्षमता उभरकर सामने आई।

इधर, भाजपा में नई नियुक्ति

### पीयूष तमिलनाडु, पांडा असम के प्रभारी





भाजपा ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और लोकसभा सदस्य बैजयंत पांडा को क्रमशः तमिलनाडु और असम में विस चुनावों के लिए पार्टी का प्रभारी नियुक्त किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मुरलीधर मोहोल को तमिलनाडु में सह-प्रभारी बनाया गया है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री दर्शना बेन जरदोश को असम के लिए पार्टी का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।


### पूर्व मंत्री संजय को बिहार की कमान



भाजपा ने दरभंगा एमएलए और पूर्व मंत्री संजय सरावगी को पार्टी की बिहार इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। वे दिलीप जायसवाल की जगह लेंगे।

## पांच उड़ानों को किया डायवर्ट

# दिल्ली में घने कोहरे का कहर, 228 उड़ानें रद्द



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हवाई अड्डे पर सोमवार को खराब दृश्यता के कारण विभिन्न एअरलाइन की 228 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं और पांच उड़ानों को दूसरे गंतव्य पर भेजना पड़ा। एअर ⏭ शेष पेज 6 पर

### यात्रियों के लिए परामर्श जारी

एयरलाइन ने कहा कि उसकी टीम स्थिति पर करीब से नजर रख रही हैं और दिल्ली हवाई अड्डे के साथ समन्वय कर रही हैं। इंडिगो ने यह भी कहा कि उसने यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए उन्हें परामर्श जारी किए और सक्रिय रूप से सूचित किया। एअर इंडिया ने कहा, सुरक्षा कारणों से और यात्रियों को लंबे इंतजार से होने वाली परेशानी से बचाने के लिए कुछ उड़ानें रद्द की गई हैं। लगभग 40 आगमन और प्रस्थान उड़ानों को भी सूचीबद्ध किया।

## रामविलास वेदांती का निधन, आज अयोध्या में दी जाएगी जल समाधि

# संत, कथावाचक और दो बार रहे सांसद राम मंदिर आंदोलन में 25 बार गए थे जेल

एजेंसी ⏭ रीवा/अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नेता रहे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद राम विलास वेदांती का हृदयाघात के कारण सोमवार को मध्यप्रदेश के रीवा स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। अधिकारी ने बताया कि वेदांती लंबे समय से बीमार थे और सोमवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। वेदांती 67 वर्ष के थे।



### जहां जन्म हुआ, वहीं ली अंतिम सांस

यह भी कह सकते हैं कि वेदांती का जन्मस्थान जहां था वहीं उनका निधन भी हुआ है। एक भावनात्मक व चिह्नित पल जिसने उनके जीवन के चक्र को पूरा किया। वेदांती का योगदान राम जन्मभूमि आंदोलन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण में उल्लेखनीय रहा है। डॉ. रामविलास वेदांती का निधन उसी जगह हुआ जहां उन्होंने बचपन में रामकथा की शुरुआत की थी।

वेदांती के शिष्य छोटे दास महाराज ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार अयोध्या में किया जाएगा। डॉक्टर वेदांती दो बार लोकसभा के सदस्य भी चुने गए थे। पहली बार मछलीशहर से और दूसरी बार प्रतापगढ़ से सांसद चुने गए थे। वह राममंदिर आंदोलन के अग्रणी संत थे। इतना ही नहीं वह महंत अवैद्यनाथ के अयोध्या में सबसे करीबी संत रहे। राम मंदिर आंदोलन ⏭ शेष पेज 6 पर

### बचपन से ही धार्मिक ग्रंथों में थी रुचि

वेदांती का पूरा जीवन धार्मिक कार्यों और रामकथा प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित रहा। रामविलास वेदांती बचपन से ही धार्मिक ग्रंथों में रुचि रखते थे। साथ ही रामकथा आयोजन में सक्रिय रहे। उन्होंने अपने जीवन में कई बार रीवा में रामकथा का आयोजन किया और युवाओं को धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों की ओर प्रेरित किया। महंत राघवेश दास ने बताया कि राम विलास वेदांती, हनुमानगढ़ी के महंत अभिराम दास के शिष्य थे। माना जाता है कि अभिराम दास ने ही 1949 में बाबरी मस्जिद में रामलला की मूर्ति स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने बताया कि वेदांती अयोध्या में हिंदू धाम नया घाट पर रहते थे और 'वशिष्ठ भवन' नाम से उनका एक आश्रम भी है।

# ITSA HOSPITALS

HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

## पत्रकारिता के 24 गौरवशाली वर्षों पर हरिभूमि को हार्दिक बधाई।

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

## छत्तीसगढ़ के पहले और एकमात्र M.Ch. (Joint Replacement & Reconstruction) सुपर-स्पेशियलिस्ट



### डॉ. अंकित गर्ग

M.B.B.S; D.N.B (Ortho, Ganga Hospital, Coimbatore); M.Ch. (Joint Replacement & Reconstruction, AIIMS Raipur); Dip. SICOT (Belgium); SICOT Revision Arthroplasty Fellow (Spain); M.R.C.S (Edin,UK); M.N.A.M.S

कंसल्टेंट
हड्डी एवं जोड़ (ऑर्थोपेडिक) सर्जन
08+ वर्षों का क्लीनिकल अनुभव AIIMS से

### आपके जोड़ों को चाहिए विशेषज्ञ हाथ, अब यहीं, छत्तीसगढ़ में।

- 3D CT और एक्स-रे से सटीक निदान
- न्यूनतम चीरे वाली सर्जरी
- हड्डियों की न्यूनतम कटाई
- अत्याधुनिक रोबोटिक पुनर्वास
- शीघ्र रिकवरी और जल्द सक्रियता

### ऑर्थोपेडिक उपचार के लिए ITSA क्यों चुनें?

- जटिल ट्रॉमा व पेल्विक सर्जरी में विशेषज्ञता
- AIIMS प्रशिक्षित सुपर-स्पेशियलिस्ट
- कम जटिलताएँ → बेहतर दीर्घकालिक परिणाम
- आधुनिक तकनीक → तेज़ रिकवरी

0771 4800000
7880 110000

इट्सा हॉस्पिटल्स, अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़

**बिलासपुर**
**मंगलवार, 16 दिसंबर 2025**
पौष कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 263
पृष्ठ : 10+8+8 = 26 मूल्य : 5.00***

**मौसम**
अधि. 26.4
न्यून. 12.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7 ➝ एशेज : इंग्लैंड टीम में बदलाव, टंग...



विचार पेज
2 सेकुलर सियासत का महाभियोग!

# कुत्तों की निगरानी करेंगे प्रोफेसर! उच्च शिक्षा ने कहा-न रखें ऐसी खाद्य सामग्री जिससे आकर्षित हो 'आवारा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत प्राचार्य और प्राध्यापक अब कुत्तों की निगरानी करेंगे। इस संदर्भ में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बकायदा आदेश भी जारी किया गया है। उच्च शिक्षा आयुक्त द्वारा समस्त राजकीय व निजी विश्वविद्यालय के कुलसचिव को यह खत प्रेषित किया गया है। इसके साथ ही सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य को भी यह आदेश दिया गया है।

■ इसके पहले स्कूली शिक्षकों को लगाया जा चुका है कुत्तों की निगरानी में

खास खबर

## उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश, प्रदेश के सभी विवि और महाविद्यालयों पर होगा लागू

### तय नहीं किया भोजन

उच्च शिक्षा विभाग ने संस्थाओं के परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के साथ ही कहा है कि परिसर में ऐसी कोई खाद्य सामग्री, जिससे आवारा पशु आकर्षित होते हैं, खुले में न रखे जिससे आवारा पशुओं का प्रवेश संस्था में न हो सके। हालांकि उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश में उन भोजन का जिक्र नहीं किया है, जिससे पशु आकर्षिक होते हैं। प्रत्येक संस्था में फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा गया है। परिसर में आवारा पशुओं के प्रवेश को प्रतिबंधित व नियंत्रित करते हुए इसकी नियमित निगरानी के साथ इनसे बचाव के लिए उचित जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर विद्यार्थियों एवं स्टाफ को जागरूक करने कहा गया है।



### करना होगा व्हॉट्सअप

संस्थाओं के परिसरों को आवारा कुत्तों से मुक्त रखने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के प्रयोजन से प्रत्येक संस्था में नोडल अधिकारी नियुक्त करने कहा गया है। डिस्प्ले बोर्ड में समस्त जानकारियों तथा हेल्पलाइन नंबर का प्रदर्शन कर फोटोग्राफ को उच्च शिक्षा संचालनालय के नोडल अधिकारी को व्हाट्स-अप के माध्यम से उपलब्ध कराना होगा।कुत्ते पकड़ने के लिए संस्थाओं में नियुक्त नोडल अधिकारियों को स्थानीय प्रशासन एवं नगर पालिका अथवा परिषद से सतत संपर्क एवं सामंजस्य रखना होगा।

अपने आदेश में उच्च शिक्षा विभाग ने कहा है कि सभी शिक्षण संस्थान अपने परिसर को आवारा कुत्तों से मुक्त रखने के उपाय किया जाना सुनिश्चित करें। यही नहीं, संस्था परिसर के भीतर अथवा बाहर पागल कुत्तों के देखे जाने पर इन्हें हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर यथाशीघ्र इन्हें सार्वजनिक स्थलों से हटाने की कोशिश भी करनी होगी। इसके अलावा संस्थाओं के परिसर को चार दिवारी से सुरक्षित करने कहा गया है। जहां बाउंड्री वॉल नहीं होगी, वहां इसका निर्माण करना होगा। सभी शिक्षण संस्थान में इस संबंध में पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर वर्कशॉप आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार के सहयोग एवं सहायता के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर को भी प्राध्यापकों और छात्रों को प्रसारित करना होगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दूतों ने राष्ट्रपति को सौंपे परिचय पत्र



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में ईरान, ब्रुनेई दारुस्सलाम और माइक्रोनेशिया के राजदूतों से उनके परिचय पत्र स्वीकार किए। ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली, अरनीफरिजा हाजी मोहम्मद जैनी और माइक्रोनेशिया संघीय राज्यों के राजदूत जॉन फ्रिट्ज शामिल थे।

### विद्यालयों में बम की धमकी से हड़कंप

**जालंधर।** जालंधर के कई विद्यालयों में बम की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। प्राधिकारियों ने छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला एवं सुरक्षा उपायों को लागू करने की कार्रवाई की। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। हमें बताया गया था कि बिजली संबंधी कुछ गड़बड़ी हुई है और हमें अपने बच्चों को स्कूल से लेने के लिए कहा गया।

### हॉलीवुड अभिनेता रॉब और उनकी पत्नी के शव मिले




**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड फिल्म निर्देशक एवं अभिनेता रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल रविवार को लॉस एंजिलिस स्थित अपने आवास में मृत पाए गए। उनपर चाकू से हमले किए गए और परिवार के एक सदस्य से पूछताछ की जा रही है। अपराह्न साढ़े तीन बजे के कुछ ही समय बाद उन्हें चिकित्सा सहायता के लिए एक अनुरोध मिला।

### पुलिस अफसर बनकर लूट, चार गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** पुलिसकर्मी बनकर एक व्यक्ति से एक लाख रुपए से अधिक लूटने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह लूट सात दिसंबर को विद्यारण्यपुरा पुलिस थाना क्षेत्र में हुई। एक व्यक्ति ने डकैती का मामला दर्ज कराया है जिसमें उसने कहा है कि सात दिसंबर को जब वह घर पर अकेला था तो तीन लोग उसके घर आए और उनमें से एक ने पुलिस उप निरीक्षक की वर्दी पहनी हुई थी, जबकि अन्य दो ने खुद को कांस्टेबल बताया।

### लोकसभा में तीन दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** लोकसभा ने अपने तीन पूर्व सदस्यों सुभाष आहूजा, प्रोफेसर सलाउद्दीन और बालकृष्ण चौहान के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बैठक शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को तीनों पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर तीनों दिवंगत पूर्व सांसदों को श्रद्धांजलि दी। सुभाष आहूजा मध्य प्रदेश की बैतूल संसदीय सीट से छठी लोकसभा के सदस्य थे।

## नया रोजगार कानून लाने जा रही सरकार, सांसदों को बांटी गई बिल की कॉपियां

# मनरेगा की जगह 'विकसित भारत-जी राम जी', 125 दिन काम, साप्ताहिक वेतन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**सरकार 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) को निरस्त करने और इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में विधेयक लेकर आ सकती है। नए विधेयक का नाम 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' होगा। विधेयक की प्रतियां लोकसभा सदस्यों को बांटी गई हैं।**

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 'ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है, जिसके तहत अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को हर वित्त वर्ष में 125 दिन के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी। इसका लक्ष्य सशक्तीकरण एवं विकास को बढ़ावा देकर समृद्ध और सक्षम ग्रामीण भारत का निर्माण करना है।

■ लोकसभा की कार्यसूची में आज सूचीबद्ध किया गया विधेयक

लोकसभा की सोमवार की कार्यसूची में यह विधेयक सूचीबद्ध किया गया है। विधेयक के उद्देश्यों के कथन में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि मनरेगा ने पिछले 20 साल से अधिक समय तक ग्रामीण परिवारों को रोजगार की गारंटी दी है। उन्होंने कहा, हालांकि, सामाजिक सुरक्षा के बड़े पैमाने पर कवरेज और बड़ी सरकारी योजनाओं को पूरी तरह लागू करने से ⏭शेष पेज 6 पर

## कांग्रेस ने मनरेगा का नाम बदलने पर जताया ऐतराज

### 100 दिन की जगह 125 दिन का रोजगार



ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि नए कानून में रोजगार के साथ-साथ आजीविका के अन्य साधनों को भी बढ़ावा देने की बात कही गई है। इस नए कानून के आने से ग्रामीण विकास की योजनाओं में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास तेजी से हो और वहां के लोगों को बेहतर जीवन स्तर मिले।



### 'विकसित भारत' पर नजर

मनरेगा कानून को साल 2005 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने बनाया था। 2 अक्टूबर 2009 से इसका नाम बदलकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कर दिया गया था। यह बदलाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। सरकार का मानना है कि नया कानून 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में ज्यादा मददगार साबित होगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और लोगों की आजीविका को बेहतर बनाने पर केंद्रित होगा।

### कांग्रेस ने कहा- महात्मा गांधी से प्रधानमंत्री का प्रेम दिखावटी



कांग्रेस ने मनरेगा के स्थान पर केंद्र सरकार द्वारा नया कानून बनाने की तैयारियों के बीच सोमवार को दावा किया कि इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना यह दिखाता है कि बापू के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रेम दिखावटी है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि यह मनरेगा को खत्म करने की साजिश है और सरकार का यह कदम महात्मा गांधी का अपमान है। सरकार 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' को निरस्त करने और इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में विधेयक ला सकती है।

### संसद में बिल लाने का प्रस्ताव

'विकसित भारत @2047' का प्लान ऐसा है जिसका एक मात्र लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाना है। इस लक्ष्य को पाने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं बना रही है और यह नया ग्रामीण रोजगार कानून उसी का एक हिस्सा है। यह बिल का ड्राफ्ट सांसदों को दिया गया है। सरकार की कोशिश इसी सत्र में इस बिल को संसद में पेश करने पर है।

### योजना का डिजिटल एकीकरण

योजना के सभी कार्यों की योजना और निगरानी को 'विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक' के साथ जोड़ा जाएगा, जो डिजिटल शासन को बढ़ावा देगा. सरकार का उद्देश्य रोजगार गारंटी को पीएम गति शक्ति, जियोस्पेशल योजना और डिजिटल शासन से जोड़ना है।

## फुटबॉल प्रशंसकों को किया मंत्रमुग्ध

# दिल में बसे मेस्सी, जय ने भेंट की टीम इंडिया की जर्सी




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लियोनेल मेस्सी के बहुप्रतीक्षित 'जीओएटी इंडिया टूर' की शुरुआत भले ही अव्यवस्थित ढंग से हुई हो लेकिन इसका समापन दिल्ली में शानदार तरीके से हुआ, जहां प्रशंसक अपने चहेते खिलाड़ी की झलक पाकर खुशी से झूम उठे। इस दौरान आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने भारतीय क्रिकेट टीम की नंबर-10 जर्सी भेंट की। वहीं लुईस सुआरेज को जय शाह ने नंबर-9 और रोड्रिगो डी पॉल को नंबर-7 जर्सी थमाई। लियोनेल मेसी को आईसीसी चेयरमैन ने एक क्रिकेट बैट भी उपहार में दिया, जिसमें भारतीय क्रिकेटर्स के हस्ताक्षर थे।

### फिर भारत आऊंगा : मेस्सी

स्पेनिश भाषा में संक्षिप्त संबोधन में मेस्सी ने कहा, ग्रासियस दिल्ली! हास्ता प्रोंतो (धन्यवाद दिल्ली, जल्द मिलते हैं)। लियोनेल मेसी कहते हैं, मुझे पहले से पता था कि भारत में हमें बहुत स्नेह मिलता है, लेकिन उसे खुद महसूस करना बिल्कुल अलग अनुभव रहा। इन कुछ दिनों में आप लोगों ने हमारे लिए जो कुछ भी किया, वह हैरान कर देने वाला था।

### दर्शकों में दिखा उत्साह

मेस्सी दर्शकों में एक ऐसी ललक और उत्साह पैदा कर दिया, जो पहले शायद ही कभी देखा गया हो। मेस्सी ने स्टेडियम पहुंचने के बाद मैदान का एक चक्कर लगाया और सात-सात खिलाड़ियों के मैच को खत्म होते देखा। स्टेडियम में ज्यादातर दर्शक अर्जेंटीना की प्रसिद्ध नीली और सफेद जर्सी (नंबर 10) पहने हुए थे और लगातार 'मेस्सी मेस्सी' का नारा लगा रहे थे।

## सिडनी गोलीबारी

# पाक मूल के पिता-पुत्र ने रची थी साजिश, अब तक 15 की मौत



एजेंसी ⏭ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित बॉन्डी बीच में रविवार को हुई फायरिंग में अब तक 15 लोगों की मौत की खबर आई है। वहीं, दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हैं। गोलीबारी के पीछे के लोगों की पहचान पाकिस्तान के लाहौर से जुड़े रहने वाले पिता-पुत्र के तौर पर हुई है। आशंका है कि दोनों ने हमले की साजिश काफी पहले रच ली थी। उन्होंने कुछ हफ्ते पहले ही बॉन्डी बीच से आधे घंटे की दूरी पर स्थित कैंपसी में एक कमरा किराए पर ले लिया था। पुलिस ने यहां छापेमारी की है। इस जगह एक विस्फोटकों से भरा वाहन भी मिला, जिसके हमलावरों से जुड़े होने का शक है। पुलिस को घटना में किसी और के शामिल होने का शक नहीं है।

एक यहूदी त्योहार- हनुक्का के दौरान हुई इस गोलीबारी की घटना के बाद से ही पूरे ऑस्ट्रेलिया में सनसनी मची है।

### कौन थे साजिद और नवीद

पुलिस की गोली लगने के बाद साजिद अकरम बुरी तरह घायल हो गया और बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। दूसरी तरफ नवीद अकरम को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। पुलिस ने कुछ घंटों बाद हमलावरों की पहचान जारी कर दी। इसमें एक हमलावर साजिद अकरम (50) और दूसरा उसका बेटा- 24 वर्षीय नवीद अकरम था। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के मुताबिक, साजिद अकरम फल बेचने के कारोबार में शामिल है। उसके पास न्यू साउथ वेल्स में छह बंदूके रखने का लाइसेंस है। पुलिस का मानना है कि उसने सभी बंदूकों का इस्तेमाल यहूदियों पर हमले के लिए किया। नवीद अकरम के बारे में सामने आया है कि कुछ समय पहले तक वह निर्माण कार्यों से जुड़ा था। वह ईंटें बिछाने का काम करता था।

### घटना को लेकर क्या बोले परिजन?

घटना से कुछ दिन पहले उन्होंने परिवारवालों को बताया था कि वे वीकेंड में मछली पकड़ने (फिशिंग ट्रिप) के लिए जेर्विस बे की यात्रा पर जा रहे हैं। नवीद की मां- वेरेना ने बताया कि बेटे ने उन्हें हमले से कुछ घंटे पहले ही फोन किया था। उन्होंने कहा कि वे गोलीबारी के दौरान की तस्वीरों से बेटे को पहचान नहीं पाईं। वेरेना ने कहा, उसके (नवीद के) पास बंदूक नहीं है। वह बाहर भी नहीं जाता। वह दोस्तों से ज्यादा घुलता मिलता नहीं। वह शराब-सिगरेट नहीं पीता।

## संसद में बोली सरकार

# जाली पैन, आधार से 489 फर्जी जीएसटी पंजीकरण

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को संसद को बताया कि अक्टूबर तक जाली 'पैन' और 'आधार' से जुड़े 489 फर्जी जीएसटी पंजीकरणों तथा इनके माध्यम से 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी होने का पता चला है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में जाली पैन और आधार कार्ड का उपयोग करके किए गए 3,977 फर्जी पंजीकरण पकड़े गए, जिनमें 13,109 करोड़ रुपए की कर चोरी शामिल थी। निचले सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि महानिदेशालय ने कंपनियों द्वारा प्रदान की गई डिजिटल जानकारी में विसंगतियों की पहचान करने के लिए एक प्रक्रिया शुरू की गयी है।



## एनआईए ने दाखिल किया आरोप पत्र, 7 आरोपियों ने हमले को दिया था अंजाम

# लश्कर कमांडर था पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड

एजेंसी ⏭ जम्मू

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मामले में सोमवार को सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया, जिनमें पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीटी) और उसके मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के सदस्य और पड़ोसी देश में मौजूद उनका आका भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले को साबित करने में सहायक साक्ष्यों का विस्तृत विवरण दिया गया है।

### पाकिस्तान तक साजिश के तार

बयान के मुताबिक, एनआईए ने लगभग आठ महीने तक चली विस्तृत वैज्ञानिक जांच के माध्यम से पता लगाया कि इस पूरी साजिश के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं।



### तीन पाकिस्तान आतंकवादी

एनआईए द्वारा दाखिल आरोप पत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी शामिल हैं, जिन्हें घातक आतंकी हमले के 99 दिन बाद 29 जुलाई को श्रीनगर के दाचीगाम में 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान सेना ने मार गिराया था। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है।

### कौन है साजिद जट्ट?

एनआईए ने अपनी चार्जशीट में लश्कर के टॉप कमांडर साजिद जट्ट को मुख्य साजिशकर्ता बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, साजिद का पूरा नाम सैफुल्लाह साजिद जट्ट है। बताया गया कि वह पाकिस्तान के पंजाब राज्य के कसूर जिले का रहने वाला है। सैफुल्लाह लश्कर-ए-तैयबा का सबसे तेज-तर्रार कमांडर माना जाता है। बताया गया कि इस संगठन में हाफिज सईद के बाद वह तीसरे नंबर पर है। साजिद लश्कर के प्रॉक्सी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट का चीफ है।

## बांके बिहारी मंदिर में दर्शन मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# पैसे वालों के लिए भगवान को आराम भी नहीं करने देते

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में पैसे लेकर 'विशेष पूजा' करने की अनुमति देने की प्रथा पर नाखुशी जाहिर करते हुए सोमवार को कहा कि इससे देवताओं के लिए निर्धारित 'विश्राम अवधि' में बाधा पहुंचती है। शीर्ष अदालत ने वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी जी मंदिर में दर्शन के समय और प्रथाओं में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान अधिकारियों से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने उच्चतम न्यायालय की ओर से नियुक्त उच्चाधिकार प्राप्त मंदिर प्रबंधन समिति और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने मामले को जनवरी के पहले सप्ताह में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उसने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और वकील तन्वी दुबे की ओर से बांके बिहारी जी मंदिर में देवता के दर्शन के समय में बदलाव और देहरी पूजा सहित कुछ आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को रोकने के विरोध में पेश दलीलों पर गौर किया। दीवान ने कहा, ''दर्शन का समय परंपरा और रीति-रिवाजों का हिस्सा है। जनता के लिए मंदिर के खुले रहने का समय एक लंबी परंपरा का हिस्सा है। ऐतिहासिक रूप से समय का कड़ाई से पालन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा, मंदिर में दर्शन के समय में बदलाव के कारण आंतरिक अनुष्ठानों में भी बदलाव आया है, जिसमें देवता के सुबह उठने और रात में सोने का समय भी शामिल है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, वे क्या करते हैं कि दोपहर 12 बजे मंदिर बंद करने के बाद, वे देवता को एक पल के लिए भी आराम नहीं करने देते और उनका शोषण करते हैं।



### सेवायतों के वकील बोले- भगवान के जगने और सोने का समय तय

सेवायतों के वकील श्याम दीवान ने दर्शन के समय में बदलाव पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा- याचिका पूजा के समय में बदलाव के संबंध में दायर की गई है। उन्होंने दलील दी कि पूजा का समय पवित्र है। इसका कड़ाई से पालन किया जाता है। पूजा के समय को केवल प्रशासनिक मुद्दा नहीं माना जा सकता है। क्योंकि यह पुरानी परंपराओं से जुड़ा है।

### मंदिर प्रबंधन समिति को नोटिस

*दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, पीठ ने मंदिर प्रबंधन समिति सहित संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। मंदिर के शासन ढांचे में महत्वपूर्ण बदलावों के मद्देनजर यह विवाद उत्पन्न हुआ। दशकों तक, 1939 की प्रबंधन योजना बांके बिहारी मंदिर के प्रशासन, अनुष्ठानों और वित्तीय मामलों को नियंत्रित करती रही। उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश 2025 इस योजना को राज्य-नियंत्रित ट्रस्ट से प्रतिस्थापित करने का प्रयास करता है, जिससे धार्मिक संस्थानों में सरकारी हस्तक्षेप और स्थापित परंपराओं पर इसके प्रभाव को लेकर बहस छिड़ गई है।*

सिडनी के बॉन्डी बीच पर आतंकियों से गन छीनने वाले हीरो अहमद की कहानी

# ‘मेरी फैमिली को बताना कि मैं लोगों की जान बचाने के लिए आगे गया’

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के बॉन्डी बीच में रविवार को यहूदी समुदाय के त्यौहारी जश्न में कुछ लोगों ने गोलीबारी कर कई लोगों की जान ले ली। इस दौरान अहमद अल अहमद नामक शख्स ने अपनी जान की परवाह न करते हुए एक आतंकी से भिड़ गए और उसकी गन छीन ली थी। इस पूरे शूटआउट में उन्हें भी दो गोलियां लगी थीं। नेशनल हीरो बने इस शख्स ने यह फैसला लेने के पहले मौके पर मौजूद अपने कजिन से कहा था- , ‘मैं मरने जा रहा हूं, प्लीज मेरी फैमिली को देखना और उन्हें बताना कि मैं लोगों की जान बचाने के लिए आगे गया।’

## अहमद के साथ मौजूद चचेरे भाई ने सुनाया आंखों देखा हाल

### सीरिया से 10 साल पहले आए अहमद

अहमद सीरिया मूल के हैं, वे 10 साल पहले सीरिया छोड़कर नई जिंदगी जीने ऑस्ट्रेलिया आए थे। वे सिडनी में फलों की दुकान चलाते हैं। अखबार सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने कजिन अल्कांज के हवाले से बताया, रविवार को अहमद और अल्कांज घूमने के लिए बॉन्डी बीच की तरफ निकले थे। वहां वे एक जगह कॉफी पी रहे थे, तभी गोलीबारी शुरू हो गई। अल्कांज कहते हैं- ‘हम देख रहे थे कि दो लोग हमारे बहुत पास गोली चला रहे थे। एक बंदूकधारी जिसने काली शर्ट और सफेद पैंट हुआ है। वह एक काला बैग पकड़ा है और कैंपबेल परेड कार पार्क के पास दो कूड़ेदानों के बगल में खड़ा है और पास के लॉन में जमा भीड़ पर गोलियां चला रहा है। ‘अहमद अचानक हुई गोलीबारी से बहुत डर गए थे, उन्होंने कहा- मैं अब मरने जा रहा हूं। लेकिन उसके बाद उन्होंने हमलावर से भिड़ने की ठानी और मुझसे कहा-, ‘मैं मरने जा रहा हूं, प्लीज मेरी फैमिली को देखना और उन्हें बताना कि मैं लोगों की जान बचाने के लिए आगे गया।’



## ऑस्ट्रेलिया में अहमद के लिए हो रही क्राउड फंडिंग

### अहमद का चल रहा इलाज

अहमद की सर्जरी हुई है और उसका इलाज सेंट जॉर्ज अस्पताल में चल रहा है। अहमद के पिता ने हॉस्पिटल के बाहर बात की और अपने बेटे को हीरो बताया। अरबी में बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनका बेटा ठीक है। उन्होंने कहा, मैंने उसे कल रात देखा था, और वह ठीक था। उसने कहा कि वह ऊपरवाले का शुक्रगुजार है कि वह ऐसा कर पाया, बेगुनाह लोगों की मदद कर पाया और लोगों को इन राक्षसों, इन हत्यारों से बचा पाया।वह एक हीरो है।’ इस बीच ऑस्ट्रेलिया में अहमद के लिए क्राउड फंडिंग हो रही है। उसके लिए 3 लाख डॉलक जमा किए जा चुके है। ये क्राउड फंडिंग कार हब ऑस्ट्रेलिया द्वारा की जा रही है। इसमें दान देने वालों में अमेरिकी अरबपति बिल एकमैन भी शामिल हैं, जिन्होंने एक लाख डॉलर दिए। कॉर हब ने इसमें 50 हजार डॉलर दिए हैं।


## पीएम अल्बानीज ने कहा- ‘प्योर एविल’

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने इसे ‘शुद्ध बुराई- प्योर एविल’ बताते हुए सख्त गन लॉ की वकालत की है। सिडनी के बॉन्डी बीच पर 14 दिसंबर 2025 को हनुक्का उत्सव के दौरान हुए आतंकी हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है। हमलावर पिता-पुत्र साजिद अकरम (50) और नवीद अकरम (24) थे। साजिद को पुलिस ने मौके पर मार गिराया, जबकि नवीद घायल होकर अस्पताल में पुलिस हिरासत में है। इस हमले में 40 से अधिक लोग घायल हुए, कई गंभीर हालत में हैं। यह यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया एंटीसेमिटिक आतंकी हमला था, जिसमें हमलावरों की कार से आईएस झंडे मिले।

## खबर संक्षेप

### राम मंदिर आंदोलन शहीदों का बनेगा स्मारक

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में एक बड़ा फैसला लिया गया है। ट्रस्ट के मुताबिक, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में उस स्थान पर भी एक मंदिर बनाए जाने का निर्णय लिया है, जहां प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामलला विराजमान थे। साथ ही राम मंदिर आंदोलन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में एक स्मारक भी बनाया जाएगा। ट्रस्ट की बैठक में आने वाले कार्यक्रमों समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता महंत नृत्य गोपाल दास ने की।



### 25 गाड़ियां टकराईं, चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में इस समय ठंड के साथ घने कोहरे का रेड अलर्ट देखने को मिल रहा है। घने कोहरे की वजह से रफ्तार पर ब्रेक लग चुका है और लोगों को देखने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी घने कोहरे के बीच दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक या दो नहीं, बल्कि 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि करीब 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे पहले दो ओवरलोड डंपरों के बीच टक्कर हुई थी। इनके पीछे अमरूद से लदा एक ट्रक चल रहा था, जो इन वाहनों से जा टकराया।

### भारत ने जारी किया है 4 दिन का ‘नोटाम’

**नई दिल्ली।** भारत ने 2520 किलोमीटर एरिया में फैली बंगाल की खाड़ी को 4 दिन के लिए नो फ्लाई जाने घोषित किया हुआ है। नोटिस टू एयरमैन (नोटाम) जारी करके 17 से 20 दिसंबर के लिए बंगाल की खाड़ी को बंद कर किया है। इन 4 दिन में बंगाल की खाड़ी समुद्री जहाजों की आवाजाही नहीं होगी और न ही बंगाल की खाड़ी के ऊपर से कोई प्लेन या एयरक्राफ्ट गुजरेगा। वहीं सुबह 6 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक नोटाम लागू रहेगा, क्योंकि इन 4 दिन में डेफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) को K-4 पनडुब्बी के जरिए बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करना है।

कांग्रेस की रैली में की गई थी नारेबाजी, नड्डा-रिजिजू ने साधा निशाना

# ‘मोदी तेरी कब्र खुदेगी’ नारे पर संसद में संग्राम, सोनिया से माफी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ‘कब्र खोदने’ वाले बयान पर संसद में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ. पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस के नारे पर संसद में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिफर पड़े। नड्डा ने कहा कि बहुत ही दुख के साथ और उद्वेलित मन से एक घटना प्रकाश में लाना चाहता हूं कि कल कांग्रेस की रैली में वहां पर नारे लगे मोदी तेरी कब्र खुदेगी आज तो नहीं तो कल खुदेगी। ये इस तरीके के नारे कांग्रेस पार्टी की सोच और मानसिकता को दर्शाता है। नड्डा ने कहा कि सोनिया गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पीएम मोदी के लिए इस्तेमाल किये गए अपशब्दों के लिए माफी मांगनी चाहिए। इस मुद्दे पर सत्तापक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण सदन को स्थगित कर दिया गया।

## सत्तापक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण सदन को करना पड़ा स्थगित | मंच से किसी नेता ने कोई बयान नहीं दिया : प्रियंका




### ये नामदारों की झुंझलाहट का प्रतीक

राज्यसभा में कांग्रेस को घेरते हुए नड्डा ने कहा, इस तरीके के नारे कांग्रेस पार्टी की सोच और मानसिकता को दर्शाता है। ये नामदारों के झुंझलाहट को स्पष्ट इंगित करता है। एक प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की बातें करना और मृत्यु की कामना करना ये अपने आप में बहुत ही निंदनीय है। मैं ये भी कहना चाहूंगा कि राजनीति का स्तर का कांग्रेस पार्टी ने इतना गिरा दिया है जो कल्पना के बाहर है, मैं इसकी घोर निंदा करता हूं।’

### कांग्रेस ने निकाली थी ‘वोट चोर गद्दी छोड़ो’ रैली

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने कथित चुनावी अनियमितताओं के मुद्दे पर अपना अभियान तेज करते हुए रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित ‘वोट चोर गद्दी छोड़ो’ रैली में भाजपा और निर्वाचन आयुक्तों पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया कि ‘वोट चोरी सत्तारूढ़ पार्टी के डीएनए में है और उसके नेता गद्दार’ हैं, जो लोगों के मतदान के अधिकार छीनने की साजिश रच रहे हैं और उन्हें सत्ता से हटाया जाना चाहिए।

### यह देश के लिए बहुत दुखद समय : रिजिजू

वहीं, लोकसभा में किरेन रिजिजू ने कहा कि कल कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री मोदी जी की कब्र खोने की बात कही गई है। यह देश के लिए बहुत दुखद समय है कि कांग्रेस पार्टी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है। कांग्रेस के सारे बड़े नेता उस रैली में मौजूद थे और पीएम मोदी की कब्र खोदने का नारा लगाया गया। रिजिजू ने कहा, ‘कल कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री मोदी जी की कब्र खोदने की बात कही गई। यह इस देश के लिए बहुत दुखद है कि कांग्रेस पार्टी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा कि इस देश के लिए इससे ज्यादा शर्मनाक, इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि देश के प्रधानमंत्री, 140 करोड़ लोगों के नेता, विश्व के सबसे प्रसिद्ध और सबसे मजबूत नेता के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया।

### *कोई कार्यकर्ता है या नहीं ये भी नहीं पता वे नहीं चाहते सदन चले : प्रियंका*



*वहीं जब इस पूरे मामले पर सदन के बाहर मीडिया ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से सवाल पूछा तो उन्होंने साफ कहा कि मंच से किसी नेता ने कोई बयान नहीं दिया। मंच पर बिल्कुल ऐसा कुछ नहीं हुआ। फिर पता चला कि जनता में कोई कह रहा है, कोई कार्यकर्ता है या नहीं ये भी नहीं पता। फिर, इसे सदन में क्यों उठाया जा रहा है? वे (सत्ता पक्ष) नहीं चाहते कि सदन चले। हमने प्रदूषण पर चर्चा की मांग की थी, लेकिन वे वह भी नहीं कर रहे।”*

सीजेआई सूर्यकांत की तल्ख टिप्पणी

# ‘अमीर प्रदूषण फैलाते हैं, गरीब मार झेलते हैं’

दिल्ली प्रदूषण पर भड़का सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह दिल्ली-एनसीआर में बिगड़ते वायु प्रदूषण के स्तर से संबंधित याचिका पर 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पामचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह की दलीलों पर ध्यान दिया, जो एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) के रूप में उनकी सहायता कर रही हैं। इस दौरान, मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि प्रदूषण की मार सबसे ज्यादा गरीबों पर पड़ती है, जबकि प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों में अक्सर संपन्न वर्ग की भूमिका होती है। एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने इससे सहमति जताते हुए कहा कि गरीब मजदूर इस संकट से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर एक अलग आवेदन दायर किया गया है। इस पर सीजेआई ने दो टूक कहा, ‘हम समस्या को जानते हैं। दिल्ली-एनसीआर वायु प्रदूषण से जुड़ा यह मामला 17 दिसंबर को पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा, जहां इस पर विस्तार से विचार किया जाएगा।’

### अदालतों के निर्देश का नहीं होता पालन

सुनवाई के दौरान अपराजिता ने कहा था कि जब तक अदालतें स्पष्ट निर्देश नहीं देतीं, तब तक राज्य सरकारें प्रदूषण से निपटने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं करतीं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े प्रोटोकॉल मौजूद हैं, लेकिन उनका पालन नहीं हो रहा है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के संकट पर अदालत का ध्यान दिलाते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर–जनवरी के दौरान खेल गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्देश दिया था, इसके बावजूद विभिन्न जगहों पर खेल आयोजन कराए जा रहे हैं। अदालत के आदेशों को दरकिनार करने के लिए राज्य सरकारों की तरफ से ‘तरीके और साधन’ अपनाए जा रहे हैं।

नाइट क्लब अग्निकांड
गोवा पुलिस, नहीं जाएगी थाईलैंड

# लूथरा ब्रदर्स की हिंदुस्तान वापसी तय, आज लाए जा सकते हैं दिल्ली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गोवा के अरपोरा इलाके में स्थित नाइटक्लब में लगी भीषण आग के मामले में फरार चल रहे लूथरा ब्रदर्स की भारत वापसी अब तय हो गई है। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा देश छोड़कर फरार हो गए थे। दोनों भाइयों को अब थाईलैंड से डिपोर्ट किया जा रहा है और जानकारी के कल सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस पहले से मौजूद रहेगी और दोनों भाइयों को वहीं से कस्टडी में ले लिया जाएगा। इसके बाद उन्हें दिल्ली की एक अदालत में पेश किया जाएगा, जहां गोवा पुलिस उनकी ट्रांजिट रिमांड मांगेगी। अदालत से अनुमति मिलने के बाद दोनों आरोपियों को गोवा ले जाया जाएगा। गोवा पुलिस इस मामले में थाईलैंड नहीं गई है, बल्कि पूरी प्रक्रिया डिपोर्टेशन के जरिए की जा रही है।



### भारत-थाईलैंड में प्रत्यर्पण संधि

हालांकि भारत और थाईलैंड के बीच 2015 से प्रत्यर्पण संधि मौजूद है, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस मामले में प्रत्यर्पण नहीं, बल्कि स्थानीय कानूनों के तहत डिपोर्टेशन की प्रक्रिया अपनाई गई है, जो अपेक्षाकृत तेज मानी जाती है। अब दोनों भाइयों से गोवा पुलिस कड़ी पूछताछ करेगी और अग्निकांड से जुड़े तथ्यों की जांच आगे बढ़ाई जाएगी। गोवा नाइट क्लब की घटना के बाद बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा बेंच ने अवैध क्लबों और बन रहे स्ट्रक्चर और कमर्शियल एंटरप्राइजेज पर स्वतः संज्ञान लिया है, सरकारी अथॉरिटीज को 8 जनवरी तक जवाब देना है।

महाराष्ट्र की राजनीति का सेमीफाइनल माना जाता है यह चुनाव

# आखिरकार बीएमसी चुनाव की आई तारीख, 15 जनवरी को होगी वोटिंग

एजेंसी ▶▶| मुंबई




मुंबई महानगरपालिका यानी बीएमसी के चुनाव की तारीखों का आधिकारिक ऐलान राज्य चुनाव आयोग की ओर से कर दिया गया है। बीएमसी चुनाव के साथ-साथ 29 अन्य नगर निगमों में मतदान 15 जनवरी को करवाया जाएगा। मतदान से ठीक एक दिन बाद यानि 16 जनवरी, 2026 को मतगणनणा होगी और साफ़ हो जाएगा कि किसके हाथ में सत्ता आई है। 23 से 30 दिसंबर तक उम्मीदवार नॉमिनेशन फाइल कर सकते हैं। 31 दिसंबर तक इसका वेरिफ़िकेशन किया जाएगा। 2 जनवरी तक उम्मीदवारों को अपना नॉमिनेशन वापस करने का समय दिया गया है। इसके बाद 3 जनवरी को उम्मीदवार की अंतिम लिस्ट जारी की जाएगी और उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

बीएमसी चुनाव को महाराष्ट्र की राजनीति का सेमीफाइनल माना जाता है। देश के सबसे अमीर नगर निगम पर नियंत्रण को लेकर हमेशा से ही राजनीतिक दलों के बीच कड़ा मुकाबला रहता है। इस बार भी चुनाव को लेकर सियासी दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

### लोकसभा समीकरणों पर भी पड़ेगा असर

बीएमसी के अलावा जिन 29 नगर निगमों में चुनाव होंगे, उनमें राज्य के कई बड़े शहरी निकाय शामिल हैं। इससे साफ है कि यह चुनाव सिर्फ स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका असर आने वाले विधानसभा और लोकसभा समीकरणों पर भी पड़ेगा। राज्य में 27 नगर निगमों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। इसके साथ ही जालना और इचलकरंजी को नए नगर निगम के रूप में शामिल किया गया है, जहां पहली बार चुनाव कराए जाएंगे। इन सभी नगर निगम चुनावों के लिए 1 जुलाई 2025 की वोटर लिस्ट को आधार बनाया जाएगा। यह सूची केंद्रीय चुनाव आयोग से प्राप्त हुई है, इसलिए राज्य चुनाव आयोग को इसमें से किसी भी मतदाता का नाम हटाने का अधिकार नहीं होगा।

पाक बॉर्डर पर जोधपुर की 451 एविएशन स्क्वाड्रन में होगी तैनाती

# सेना को मिलेंगे दुनिया के सबसे उन्नत अपाचे हेलीकॉप्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना की लड़ाकू क्षमता में बड़ा बढ़ोतरी होने वाली है। अमेरिका से खरीदे गए छह अपाचे एएच-64ई अटैक हेलीकॉप्टरों का अंतिम बैच (तीन हेलीकॉप्टर) इस महीने भारत पहुंचने वाला है। ये दुनिया के सबसे आधुनिक अटैक हेलीकॉप्टर हैं, जिन्हें ‘हवा में उड़ता हुआ टैंक’ कहा जाता है। ये 2024 में बनाई गई जोधपुर की 451 एविएशन स्क्वाड्रन में तैनात किए जाएंगे। पायलट और ग्राउंड स्टाफ पहले ही अमेरिका में ट्रेनिंग ले चुके हैं। इस उन्नत हेलीकॉप्टर की तैनाती से पाकिस्तान से लगी पश्चिमी सीमा पर सेना की स्ट्राइक पावर काफी मजबूत हो जाएगी।

### पायलट और ग्राउंड स्टाफ ले चुके हैं अमेरिका में ट्रेनिंग



**डिलीवरी की पूरी कहानी :** फरवरी 2020 में अमेरिका के साथ लगभग 5,691 करोड़ रुपये का सौदा हुआ था। इस करार के तहत सेना को छह अपाचे मिलने थे। पहला बैच (तीन हेलीकॉप्टर) जुलाई 2025 में हिंडन एयरबेस पर पहुंचा। ये अमेरिकी ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट से लाए गए थे। अब अंतिम तीन हेलीकॉप्टर दिसंबर 2025 में आने वाले हैं। ये भी असेंबल और इंस्पेक्शन के बाद जोधपुर भेजे जाएंगे। ऑर्डर पूरा होने के बाद सेना की पहली अपाचे स्क्वाड्रन पूरी तरह ऑपरेशनल हो जाएगी।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद जरूरी


मई 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए। इस ऑपरेशन ने पश्चिमी सीमा पर मजबूत एरियल फायरपावर की जरूरत दिखाई। अपाचे ऐसे हाई-इंटेंसिटी कॉन्फ्लिक्ट में गेम चेंजर हैं। ये सेना को ग्राउंड फोर्सेस के साथ सीधा सपोर्ट देंगे, जबकि वायुसेना के 22 अपाचे अलग रोल निभाते हैं। **आगे की योजना** : पूर्ण इंडक्शन के बाद स्क्वाड्रन ट्रेनिंग और एक्सरसाइज करेगी। सेना भविष्य में और अपाचे खरीदने पर विचार कर रही है। ये भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग का बड़ा उदाहरण है। पश्चिमी सीमा पर तनाव को देखते हुए ये डिलीवरी सेना की तैयारियों को नई ताकत देगी। स्वदेशी प्रचंड हेलीकॉप्टर भी जल्द बड़े नंबर में आएंगे, जो आत्मनिर्भरता बढ़ाएंगे।

कोलकाता में हुआ था हंगामा

# मेसी इवेंट में बवाल केस पहुंचा हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मशहूर फुटबॉलर लियोनल मेसी भारत दौरे पर हैं जहां उनके लिए फैंस की दीवानगी देखते ही बन रही है। मेसी 14 साल बाद भारत दौरे पर आए हैं और ‘गोट टूर टू इंडिया 2025’ प्रोग्राम के तहत भारत के कई शहरों में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। इसी के तहत शनिवार, 13 दिसंबर को वो कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित युवा भारती स्टेडियम में पहुंचे जहां भारी अव्यवस्था देखने को मिली। मेसी महज 10 मिनट ही स्टेडियम में रहे और स्टेडियम का चक्कर लगाकर अपने फैंस से भी नहीं मिले जिससे टिकट खरीद मेसी से मिलने, उन्हें देखने गए लोगों में भारी नाराजगी है। अब स्टेडियम में हुई अव्यवस्था को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट में तीन जनहित याचिकाएं (पीआईएल) दायर की गई हैं। ये याचिकाएं नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी, अधिवक्ता सब्यसाची चटर्जी और मैनाक घोषाल ने दायर की हैं। याचिकाओं में इवेंट के मिसमैनेजमेंट की जांच, दर्शकों को टिकट का पैसा वापस करने और स्टेडियम को हुए नुकसान की मरम्मत की मांग की गई है।





# लगातार दूसरे महीने आम आदमी को राहत थोक महंगाई में 0.32 फीसदी की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में नवंबर में थोक मुद्रास्फीति दर नकारात्मक हो गई, जो सालाना आधार पर 0.32 प्रतिशत कम हुई। यह गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों और कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस की कीमतों में कमी के कारण हुई। खाद्य मुद्रास्फीति में कमी के बावजूद, खनिजों और खाद्य पदार्थों की कीमतों में महीने-दर-महीने वृद्धि देखी गई। डेटा देखें तो महंगाई का आंकड़ा अक्टूबर में -1.21 था जो कि -0.32 प्रतिशत पर आया है। इसमें मामूली बढ़ोतरी है। लेकिन ओवरऑल महंगाई कम है। अभी भी थोक महंगाई जीरो से नीचे है। लगातार दूसरे महीने महंगाई माइनस में है।

यह उछाल अक्टूबर में होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्ल्यू पीआई) के 12 महीने के निचले स्तर से वापसी का संकेत देता है। कई महीनों तक कीमतों में भारी गिरावट के बाद प्राइमरी आर्टिकल्स, खासकर खाने-पीने की चीजों की कीमतों में गिरावट की रफ्तार कम होने से डब्ल्यूपीआई ऊपर गया। हालांकि, थोक कीमतें अभी भी नेगेटिव दायरे में हैं, लेकिन नवंबर के आंकड़ों से पता चलता है कि महंगाई का सबसे बुरा दौर शायद बीत चुका है।

## गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों व गैस की कीमतों में गिरावट के कारण



### गेहूं की कीमतें काफी ऊंची बनी हुई

अनाज, जिसने साल की शुरुआत में महंगाई को सपोर्ट किया था, नवंबर में नेगेटिव दायरे में चला गया। गेहूं की कीमतें, जो साल के पहले आधे हिस्से में काफी ऊंची बनी हुई थीं, वे भी मामूली रूप से नेगेटिव हो गईं। दालों में भारी गिरावट बनी रही, जो गर्मियों की शुरुआत से दिख रहे ट्रेंड को जारी रखती है, जिसका कारण बेहतर उपलब्धता और कम खरीद दबाव है।

### प्याज और आलू की कीमतें एक साल पहले से काफी कम

सब्जियों की कीमतें अभी भी पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत से ज्यादा कम थीं, लेकिन यह अक्टूबर की तुलना में एक बड़ा सुधार था, जब कीमतें लगभग 35 प्रतिशत गिर गई थीं। प्याज और आलू की कीमतें एक साल पहले की तुलना में काफी कम रहीं, जो भरपूर सप्लाई और अनुकूल बेस इफेक्ट को दर्शाती हैं।

### फूड प्रोडक्ट्स में कीमतों का दबाव तेजी से हुआ कम

*मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स में महंगाई, जिसका डब्ल्यूपीआई में सबसे ज्यादा वेटेज है, थोड़ी कम हुई। मैन्युफैक्चर्ड फूड प्रोडक्ट्स में कीमतों का दबाव तेजी से कम हुआ, जो साल की शुरुआत में ऊंचे सिंगल डिजिट में रहने के बाद 1 प्रतिशत से नीचे आ गया। खाने के तेलों में भी पहली तिमाही में मजबूत बढ़त के बाद कीमतों में काफी कमी देखी गई। केमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स और बेसिक मेटल्स जैसी मुख्य मैन्युफैक्चरिंग कैटेगरी में सिर्फ मामूली बढ़ोतरी या हल्की गिरावट देखी गई, जो सीमित कॉस्ट-पुश दबावों की ओर इशारा करता है।*

## खबर संक्षेप

### आईनॉक्स विंड को मिला आदित्य बिरला से ठेका




**नई दिल्ली।** आईनॉक्स विंड को आदित्य बिरला रिन्यूएबल्स (एबीआरईएल) की अनुषंगी कंपनी एबीआरएल ईपीसी लिमिटेड से 102.3 मेगावाट बिजली आपूर्ति का ठेका मिला है। कर्नाटक में एबीआरएल ईपीसी लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही परियोजनाओं के लिए अपने 3.3 मेगावाट के टर्बाइन की आपूर्ति का ठेका मिला है।

### व्हील्स इंडिया का जापान की कंपनी टोपी से करार



**नई दिल्ली।** व्हील्स इंडिया ने एल्युमीनियम मिश्र धातु के पहियों के डिजाइन, विकास एवं निर्माण के लिए जापान की टोपी इंडस्ट्रीज के साथ एक तकनीकी सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। टोपी, व्हील्स इंडिया के 'कास्ट एल्युमिनियम व्हील' व्यवसाय के डिजाइन एवं विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तकनीकी जानकारी और इंजीनियरिंग सहायता प्रदान करेगी।

### बीएचईएल ने सरकार को दिया 110 करोड़ का अंतिम लाभांश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने भारत सरकार को 2024-25 के लिए 109.98 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया है। प्रबंध निदेशक के. सदाशिव मूर्ति ने 63.17 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सरकार के लिए अंतिम लाभांश का चेक भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी को सौंपा। इस मौके पर भारी उद्योग सचिव कामरान रिजवी, बीएचईएल के निदेशक मंडल के निदेशक और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग यात्रा 20 से, बिलासपुर से रवाना होगी स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग विशेष तीर्थ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। अब तक 99% सीटों की बुकिंग पूर्ण हो चुकी है। यह 11 दिवसीय पावन यात्रा 20 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 30 दिसम्बर तक चलेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को श्री रामेश्वरम धाम, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, कन्याकुमारी तथा मदुरै श्री मीनाक्षी देवी के दिव्य दर्शन कराए जाएंगे। भारतीय रेलवे द्वारा विशेष ट्रेन की स्वीकृति दी जा चुकी है। रेलवे ने 18 कोच आवंटित किए हैं, जिनमें 13 स्लीपर, 2 थर्ड एसी, 1 सेकेंड एसी और 2 एसएलआर कोच शामिल हैं। विशेष ट्रेन को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से रात्रि 9 बजे मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, विशिष्ट अतिथि पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। ट्रेन का ठहराव रायपुर में रात 11.30 बजे एवं दुर्ग में रात 12.30 बजे रहेगा। यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन, आवास, भोजन, वाहन एवं मार्गदर्शन की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। यह ट्रेन केवल श्रद्धालुओं के लिए आरक्षित रहेगी, जिससे यात्रा पूरी तरह सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आरामदायक होगी।



# छोटे मूल्य वाले नोटों की भारी किल्लत लोगों को हो रही दिक्कत

**रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ ने जताई गंभीर चिंता, 10, 20 और 50 रुपए की उपलब्धता लगभग नगण्य**






**कोलकाता।** अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ (एआईआरबीईए) ने छोटे मूल्य वाले नोटों की देशभर में 'गंभीर किल्लत' पर चिंता जताते हुए सोमवार को कहा कि इससे आम लोगों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और छोटे कारोबार भी प्रभावित हो रहे हैं। एआईआरबीईए ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भेजे एक पत्र में दावा किया कि 10, 20 और 50 रुपये के नोट की उपलब्धता देश के कई हिस्सों, खासकर कस्बों एवं ग्रामीण इलाकों में लगभग नगण्य है। हालांकि इन इलाकों में 100, 200 और 500 रुपये के नोट आसानी से मिल रहे हैं।

### एटीएम से निकलने वाले अधिकतर नोट बड़े

कर्मचारी संघ ने आरबीआई के मुद्रा प्रबंधन विभाग के प्रभारी डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर को लिखे पत्र में कहा कि एटीएम से निकलने वाले अधिकतर नोट उच्च मूल्य के ही होते हैं। इसके अलावा बैंकों की शाखाएं भी ग्राहकों को छोटे मूल्य के नोट नहीं उपलब्ध करा पा रही हैं।

### नकदी पर बड़ी आबादी निर्भर

कर्मचारी संघ के मुताबिक, डिजिटल भुगतान रोजमर्रा की जरूरतों के लिए नकद पर निर्भर बड़ी आबादी का पूरी तरह विकल्प नहीं बन सकता है। इसके अलावा छोटे मूल्य वाले नोटों की जगह सिक्कों के उपयोग की कोशिशें भी पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण सफल नहीं हो पाई हैं।

# देश का वनस्पति तेल आयात नवंबर में 28 प्रतिशत गिरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का वनस्पति तेल आयात नवंबर महीने में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ 11.83 लाख टन रह गया। यह गिरावट मुख्य रूप से रिफाइंड पामोलीन के आयात में भारी कमी आने से आई है।

उद्योग निकाय एसईए ने सोमवार को यह जानकारी दी। तेल एवं तिलहन उद्योगों के संगठन 'सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स ऑफ इंडिया' (एसईए) ने कहा कि नए तेल सत्र नवंबर 2025-अक्टूबर 2026 के पहले महीने नवंबर में दुनिया के सबसे बड़े वनस्पति तेल आयातक भारत ने खाद्य और गैर-खाद्य तेल मिलाकर 11.83 लाख टन का आयात किया, जबकि नवंबर 2024 में यह आंकड़ा 16.50 लाख टन था। कुल पाम तेल आयात भी नवंबर महीने में 25 प्रतिशत घटकर 6.32 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 8.42 लाख टन था। खासकर खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाले आरबीडी पामोलीन का आयात तेज गिरावट के साथ नवंबर में मात्र 3,500 टन रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 2.85 लाख टन था। कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात भी घटकर 1.42 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले 3.40 लाख टन था।



- सालाना आधार पर 11.83 लाख टन रह गया
- रिफाइंड पामोलीन के आयात में आई भारी कमी

### प्रमुख आपूर्तिकर्ता इंडोनेशिया व मलेशिया

एसईए ने कहा कि आरबीडी पामोलीन और कच्चे पाम तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता इंडोनेशिया एवं मलेशिया हैं। नवंबर में मलेशिया से 3,01,273 टन कच्चा पाम तेल आया, जबकि इंडोनेशिया से 1,23,456 टन कच्चा पाम तेल और 3,500 टन आरबीडी पामोलीन आयात किया गया।

# देश का निर्यात नवंबर में 19.37 फीसदी बढ़ा...



**नई दिल्ली।** देश का निर्यात नवंबर में 19.37 प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया और आयात 1.88 प्रतिशत घटकर 62.66 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि नवंबर में हुए निर्यात ने इस वर्ष अक्टूबर में हुए नुकसान की भरपाई कर दी। उन्होंने कहा कि नवंबर में 38.13 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात पिछले 10 वर्ष में सबसे अधिक है। नवंबर में व्यापार घाटा 24.53 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अप्रैल से नवंबर के दौरान कुल निर्यात 2.62 प्रतिशत बढ़कर 292.07 अरब अमेरिकी डॉलर जबकि इन आठ महीनों में आयात 5.59 प्रतिशत बढ़कर 515.21 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, बालोद (छ.ग.)

कोड नं. 74 TELE: 07749-299073
E-MAIL : wrd.division.balod@gmail.com

### निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 06/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 14.10.2025 सिस्टम निविदा क्रमांक 177557, जी-252604199 को प्रथम आमंत्रण की निविदा आमंत्रित की गई थी जिसे शासन स्तरीय निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का निर्णय किया गया है। अतः आमंत्रित निविदा को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जी. 252605448/4 जल संसाधन संभाग बालोद (छ.ग.)

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण
### निविदा शुद्धिकरण सूचना

लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर के कार्यालयीन ज्ञापन क्रमांक 4067/सा/ 4067 / सा / निविदा/2025-26/ कांकेर, दिनांक 08/12/2025 के द्वारा आमंत्रित निविदा में निम्नानुसार शुद्धिकरण किया जाता है :-
(1) NIT No.171. Tender No.178787 को NIT No.196, Tender No.179948 पढ़ा जावें। टीप :- निविदा आमंत्रण हेतु शेष नियम एवं शर्ते पूर्ववत रहेगी।
G.No.252605309 Date 08-12-2025
Reference ID No. 252612006487

अधीक्षण अभियंता
जी. 252605453/5 लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर

## कार्यालय प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

इन्द्रावती भवन, ब्लाक 4, तृतीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़
Tel:0771-2221371, 2221656, E-mail: cg_encphedcg@nic-in

### संशोधित सूचना

क्रमांक 6406/त.शा.-2/F-116-2025-26/प्र.अ./
लो.स्वा.यां.वि./2025 अटल नगर, दिनांक 12/12/2025

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में शिक्षु प्रशिक्षण मण्डल, मुम्बई के निर्देशानुसार अप्रेंटिश एक्ट 1961 (यथा संशोधित) अंतर्गत बारहवी बैच हेतु सिविल इंजीनियरिंग, केमिस्ट (रसायन शास्त्र), केमिस्ट (माइकोबॉयोलॉजी), एम.बी.ए., एम.सी.ए., मार्डन ऑफिस मैनेजमेन्ट, 12वीं+डीसीए के लिये डिग्री/डिप्लोमाधारी 190 प्रशिक्षुओं के चयन हेतु आवेदको से 01 वर्षीय प्रशिक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र में <u>ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 15.12.2025 (रात्रि 11:59 तक) की समयावधि तक आमंत्रित किये गये थे। उक्त तिथि में वृद्धि करते हुए दिनांक 31.12.2025 (रात्रि 11:59 तक) तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।</u> इच्छुक आवेदकों का https://nats.education.gov.in (nats 2.0) वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन उपरांत विभागीय वेबसाइट https://phed.cg.gov.in में आवेदन किया जा सकेगा। विज्ञापन, आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट में उपलब्ध है।

(ओंकेश चंद्रवंशी)
प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी. 252605485/2 छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
दर्री जोन

फा.क्र./687, 686, 688, 685, 697, 690/निर्माण (दर्री जोन /2025
कोरबा, दिनांक 09.12.2025

### निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुवल निविदा वेबसाईड से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि :-दिनांक 30.12.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि :-दिनांक 30.12.2025 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 48 श्याम नगर दर्री में नाली का मरम्मत एवं संधारण कार्य भाग-1 (मरम्मत एवं संधारण मद, प्रथम निविदा) | 3,98,000/- | 4,000/- |
| 2 | वार्ड क्र. 60 में नाली का मरम्मत एवं संधारण कार्य (शशि साहू घर से इंद्रपाल घर तक) (मरम्मत एवं संधारण मद, प्रथम निविदा) | 3,96,520/- | 4,000/- |
| 3 | वार्ड क्र. 54 अंतर्गत लारी पारा प्राथमिक शाला स्कूल से चमरमुड़ा तक सी.सी. रोड का मरम्मत कार्य (मरम्मत एवं संधारण मद, प्रथम निविदा) | 3,96,000/- | 4,000/- |
| 4 | वार्ड क्र. 48 श्याम नगर दर्री में नाली का मरम्मत एवं संधारण कार्य पार्ट-2 (रीना साहू से शिव मिस्त्री एवं सीता सोनी से शिल्पी के घर तक) (मरम्मत एवं संधारण मद, प्रथम निविदा) | 3,98,000/- | 4,000/- |
| 5 | वार्ड क्र. 59 में सी.सी. रोड के साथ आर.सी.सी. नाली एवं सांस्कृतिक मंच के पास अतिरिक्त सुविधाओं का विस्तार कार्य (पार्षद मद 2025-26 प्रथम निविदा) | 7,00,000/- | 5,300/- |
| 6 | वार्ड क्र. 60 दर्रीखार-02 अंतर्गत प्रगति नगर में नाली एवं आर.सी. रोड का निर्माण कार्य (पार्षद मद 2025-26, प्रथम निविदा) | 7,00,000/- | 5,300/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्त, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

## पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़

सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, विकास भवन, भू-तल, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) दूरभाष क्रमांक : 0771-2960272,
Email id: dp.cg@gov.in

### सूचना

क्रमांक / पंचा./RGSA/2025/740 नवा रायपुर, दिनांक 12/12/2025

पंचायत संचालनालय, छ.ग. के विज्ञापन क्रमांक / पंचा./आरजीएसए /144/2025/774, दिनांक 21.03.2025 के द्वारा Revamped राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत संविदा के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था।

विषय विशेषज्ञ (Account & Audit) एवं विशेषज्ञ (IT & E-gov) के रिक्त पद पर भर्ती हेतु शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक, महाविद्यालय, बैरन बाजार रायपुर, छ.ग. में दिनांक 23.12.2025 को प्रातः 10:30 बजे से दस्तावेज सत्यापन एवं प्रातः 11:00 बजे से कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया है।

उक्त संबंध में विस्तृत सूचना पंचायत संचालनालय के वेबसाईट www.dpcg.cgstate.gov.in में अपलोड की गई है।

संचालक
पंचायत संचालनालय
जी. 252605471/2 नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. /निर्माण/2025 दिनांक 11.12.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत कोरबा जोन अन्तर्गत 13 शासकीय स्कूलों में बालक- बालिका शौचालय का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या. मद) (द्वितीय निविदा) | 65.00 | 29.12.2025 (T.No. 181555) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।
**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

आदेश क्रं. 5738/व.ले.लि./2025-26/
रायगढ़, दिनांक 09/12/2025

### निविदा निरस्तीकरण आदेश

इस कार्यालय अंतर्गत विज्ञापित G-252604728 के द्वारा निविदा सूचना क्र. 31/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 12.11.2025 सिस्टम निविदा क्र. 179276, (प्रथम आमंत्रण) रायगढ़ जिले के विकासखण्ड रायगढ़ खर्राघाट एनीकट / बैराज एवं तटबंध निर्माण कार्य लागत राशि 3454.93 लाख को गठित केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ के द्वारा ऑन लाईन खोला गया। उक्त निविदा के प्रथम आमंत्रण में केवल एक ही निविदाकार होने के कारण एकल निविदा तथा प्रतिस्पर्धा का अभाव प्रतिलक्षित हो रहा है। उक्त निविदा तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जी. 252605477/3 जल संसाधन संभाग, रायगढ़ (छ.ग.)

## MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://cgeprocurement.gov.in
(1st call)

NIT NO:1360 RAIPUR DATED : 12/12/2025

Online bids are invited for the following works up to 05/01/2026 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of Work/ Description of work | Probable amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 181678 | महामाया मंदिर वार्ड क्र. 65 अंतर्गत दंतेश्वरी मंदिर से तरूण पटेल एस.टी.डी. दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 86.16 |
| 2 | 181679 | महामाया मंदिर वार्ड क्र. 65 अंतर्गत गणपत सिंधी स्कूल के बाजू से सिन्हा किराना स्टोर्स तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 94.88 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 12/12/2025, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

**Note:-** (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

ZONE COMMISSIONER
(ZONE NO. 06)
MUNICIPAI CORPORATION RAIPUR (C.G.)

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal : https:// eproc.cgstate.gov.in
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 181281 प्रथम आमंत्रण 05.12.2025 | जिला रायपुर के ग्राम चरौदा धरसींवा में फोरलेन गौरवपथ मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित। (विधानसभा संभाग रायपुर) | 1480.53 |
| 2 | 181336 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | जिला बेमेतरा के जैतपुरी खटई मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 283.24 |
| 3 | 181341 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | जिला दन्तेवाड़ा के पालनार-फूलपाड़-जूनापारा मार्ग लंबाई 4.50 कि. मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य, शेष कार्य। | 226.05 |
| 4 | 181344 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | सिविल न्यायालय परिसर मनेंद्रगढ़ में आबंटित भूमि (589 वर्ग मीटर) पर दो मंजिला कुटुम्ब न्यायालय भवन निर्माण कार्य। | 245.44 |
| 5 | 181354 प्रथम आमंत्रण 08.12.2025 | जिला रायपुर के परसदा (तिल्दा) में शासकीय आई.टी.आई. भवन निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित। (विधानसभा संभाग रायपुर) (शेष कार्य) | 208.55 |
| 6 | 181355 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | जिला नारायणपुर के पल्ली-छोटेडोंगर-ओरछा मार्ग के कि.मी. 16/2 कदम नाला पर उच्चस्तरीय पुल मय पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 449.32 |
| 7 | 181359 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | जिला बेमेतरा के खेड़ा जुनवानी मार्ग लंबाई 3.75 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 368.30 |
| 8 | 181361 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | जिला मुंगेली के घानाघाट-बघर्रा मार्ग में मनियारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 388.58 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 05 दिनांक 31.12.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 26.12.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जी-252605433/4 लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

## छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी सेक्टर- 21, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग), 492002
website- www.markfed.cg.nic.in
Email.id: mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्र/ विपणन / 4625/2025 न.रा.अ.न. दिनांक 13.12.2025

### GENERAL CAVEAT

The Caveator, Chhattisgarh State Co-operative Marketing Federation Ltd. (MARKFED), through its Managing Director, having its office at 6th Floor, Tower "C", Commercial Complex, CBD, Sector-21, Block 'C', Nava Raipur Atal Nagar, Raipur, Chhattisgarh - 492002, has floated a GeM Bid/E-Tender for Hiring of Consultancy Services Percentage Based, including Technology Consultants, Management Consultants and Functional Consultants for IT Strategy (DPR, RFP etc.), Architect IT Infra/Platform, DPR/RFP Preparation and Bid Process Management for Food and Public Distribution, vide Bid No. GEM/2025/B/6840889 dated 30.10.2025, through the Government e-Marketplace (GeM) Portal, under the administrative control of the Food, Civil Supplies and Consumer Protection Department, Government of Chhattisgarh, for execution of consultancy services on schedule-wise basis for a contract period of one year, with bid end date 29.11.2025. A corresponding public notice dated 06.11.2025 bearing No./Marketing/3903/2025 was also issued and published in the newspaper.

The Caveator apprehends that certain parties, aggrieved by the above-stated procurement processes or eligibility conditions thereof, may file Writ Petitions under Article 226 of the Constitution of India or initiate Public Interest Litigations (PILs) or any other proceedings before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh at Bilaspur, potentially seeking stay or interim directions against these RFPs.

That the Caveator, Chhattisgarh State Co-operative Marketing Federation (MARKFED), through its Managing Director, having its office at 6th Floor, Tower "C", Commercial Complex, CBD, Sector-21, Block 'C', Nava Raipur Atal Nagar, Raipur, Chhattisgarh, has given instructions to SHRI ANIMESH TIWARI, Advocate, practicing in the High Court of Chhattisgarh, to appear and oppose on behalf of the Caveator against any interim applications or petitions by placing the material before the Hon'ble High Court on behalf of the Caveator. If any such application or petition is filed against the Caveator, an advance notice of the same may be supplied to the undersigned.

**ANIMESH TIWARI**
**Counsel for Chhattisgarh State Co-operative Marketing Federation (MARKFED)**
**Office: R-2/9, Rama Valley, Bodri, Bilaspur (C.G.)**
**Contact: 9993390002**

संवाद- 46242 महाप्रबंधक विपणन

## हाईकोर्ट ने कहा बीआरसी का पद अधिकार नहीं, योजना के तहत अतिरिक्त प्रभार

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने कलेक्टर द्वारा बीआरसी को पद से हटाने के खिलाफ पेश याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा कि बीआरसी का पद कोई स्थाई पद नहीं है। यह केवल योजना तहत एक अतिरिक्त प्रभार है। याचिकाकर्ता के पास ऐसे अतिरिक्त प्रभार पर बने रहने का कोई निहित या कानूनी रूप से लागू करने योग्य अधिकार नहीं है।

हाईकोर्ट ने कहा कि कलेक्टर सह जिला मिशन निदेशक विधिवत आदेश जारी करने अधिकृत हैं। बाद में प्रमोशन और बदली हुई वास्तविक परिस्थितियों के कारण याचिका निष्प्रभावी हो जाती है।



याचिकाकर्ता रामकपूर कुर्रे को 23 मार्च 2021 को हेडमास्टर मिडिल स्कूल के पद पर पदोन्नत किया गया था। पदोन्नति से पहले प्रशासनिक आवश्यकताओं के कारण उन्हें 7 दिसंबर 2019 को ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर ग्रामीण कोरबा के कर्त्तव्यों का अस्थाई रूप से कार्यभार सौंपा गया था। नियमों के तहत ब्लॉक कोऑर्डिनेटर का प्रभार हेडमास्टर के पद पर कार्यरत अधिकारी को सौंपना जरूरी है। अर्बन कोरबा जिला कोरबा में ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, उन्हें कार्यालय में पदस्थ एक संविदा महिला लेखापाल के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी से कार्य नहीं करने एवं कार्यालय से नदारद रहने की शिकायत की थी। उसकी शिकायत में कार्रवाई करने के बजाए कलेक्टर सह समग्र शिक्षा मिशन के निदेशक कोरबा ने याचिकाकर्ता को 5 दिसंबर 2022 को एक आदेश जारी कर बीआरसी के पद से हटाते हुए सरकारी मिडिल स्कूल,कोरकोना में हेडमास्टर के पद में पदस्थ करने का आदेश जारी किया। इसके खिलाफ याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका में जस्टिस एके प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें सुनवाई पश्चात कोर्ट ने कहा बीआरसी का पद कोई स्थाई पद नहीं है यह केवल योजना के तहत एक अतिरिक्त प्रभार है। कलेक्टर सह जिला मिशन निदेशक विधिवत आदेश जारी करने अधिकृत हैं। बाद में हुए प्रमोशन और बदली हुई वास्तविक परिस्थितियों के कारण याचिका निष्प्रभावी हो जाती है। इसके साथ ही याचिका खारिज किया गया।

## हाथी शावक की मौत मामले में शासन ने कोर्ट में पेश किया शपथ पत्र

जंगल में पानी भरे गढ्ढे में गिरकर हाथी शावक की मौत के मामले में हाईकोर्ट संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है। आज चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में राज्य शासन ने शपथ पत्र पेश कर बताया कि प्रदेशभर के वन क्षेत्र में जो खुले कुएं हैं, उन्हें दो साल में पूरा बंद कर दिया जाएगा। इनकी पहचान का काम अभी चल रहा है।

पानी भरे गढ्ढे और सूखे कुओं में गिरकर हाथियों की मौत के मामलों पर पहले हुई सुनवाई में राज्य शासन ने प्रस्तुत जवाब में कहा था कि प्रदेश के वन क्षेत्रों में लगभग 20 हजार खुले गढ्ढे और कुएं मौजूद हैं। कोर्ट ने इन जल निकायों से वन्य प्राणियों को सुरक्षित रखने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी शपथ पत्र के रूप में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर ने डिवीजन बेंच को बताया था कि बलौदाबाजार जिले के बार नवापारा अभयारण्य के ग्राम हरदी में तीन हाथी और उनका शावक सूखे कुएं में गिर गए थे। हालांकि उन्हें जेसीबी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हाईकोर्ट ने यह भी सवाल किया कि ऐसे सूखे कुओं और गढ्ढों को कवर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। आज चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई में राज्य शासन की ओर से एक शपथ पत्र पेश किया गया, जिसमें बताया गया कि हमने जो पहले प्रदेश में बीस हजार कुओं की बात कही थी वह एनवायरमेंटल एक्टीविस्ट की रिपोर्ट के आधार पर थी। अभी हम कुओं की पहचान कर रहे हैं। हस्तक्षेपकर्ता नितिन सिंघवी की ओर से कहा गया कि जितने कुओं की जानकारी मिल रही है उन्हें बंद करते जाना चाहिए। पूर्व में सुनवाई दौरान कोर्ट ने इस बात पर नाराजगी जताई थी कि वन विभाग के पास प्रदेश में जल निकायों की व्यवस्थित निगरानी और जोखिम मानचित्रण तंत्र का अभाव है। क्षेत्रीय कर्मचारी, विशेष रूप से बीट और रेंज स्तर पर, अक्सर अपर्याप्त संसाधनों और उपकरणों के कारण इन आपात स्थितियों पर तुरंत प्रतिक्रिया देने में असमर्थ रहते हैं। कोर्ट ने कहा कि हाथियों के बच्चों की बार-बार होने वाली मौतें वन्यजीव संरक्षण प्रयासों में गंभीर कमी को उजागर करती है।

## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** – रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** – कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** – मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** – नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ

**कुंभ** – स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** – कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

### बेरोजबारी भत्ता देने के सवाल पर मंत्री बोले- हम लोगों का स्किल डेवलपमेंट कर रहे हैं

# बेरोजगारी भत्ते पर मंत्री के जवाब से भड़की कांग्रेस, सदन से बहिगर्मन

**विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बेरोजगारी भत्ते को लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायकों ने सरकार पर बेरोजगार युवाओं से किए गए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने तीखी नोक झोंक के बाद सदन से बहिर्गमन कर दिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने प्रश्नकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी मांगी। उन्होंने पंजीकृत बेरोजगारों को लेकर 1 अप्रैल 2024 तक की जानकारी मांगी।

सवाल के जवाब में विभागीय मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा, पंजीकृत रोजगार इच्छुक की संख्या 11 लाख 39 हजार 656 है। इनके लिए रोजगार मेला और प्लेसमेंट कैंप का आयोजन हो रहा है। आने वाले भविष्य में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन होगा, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन का काम चल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से बेरोजगारी भत्ते को लेकर सरकार की वर्तमान स्थिति पर सवाल उठाया। सवाल के जवाब में कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने विभागीय प्रयासों और योजनाओं की जानकारी दी, लेकिन बेरोजगारी भत्ते को लेकर स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। वहीं विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि बेरोजगार भत्ता शुरू है या बंद? मंत्री खुशवंत साहेब ने जवाब दिया, 'हम लोगों का स्किल डेवलपमेंट कर रहे हैं।

### बेरोजगारी भत्ते पर सदन में हंगामा, कांग्रेस ने बहिर्गमन किया




#### विपक्ष ने सरकार को घेरा

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सरकार को घेरते हुए कहा, बेरोजगारी भत्ता शुरू करने को लेकर सरकार ने पूर्व में लिखित जानकारी दी थी कि यह योजना बंद नहीं की गई है। बावजूद इसके अब तक बेरोजगार युवाओं को भत्ता नहीं मिल पाया है।

#### भूपेश ने उठाई भत्ता शुरू करने की मांग

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन में कहा, सरकार ने बजट में भी बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान किया था, फिर भी अब तक इसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने सरकार से तत्काल बेरोजगारी भत्ता शुरू करने की मांग की।

#### कांग्रेस का बहिर्गमन

बेरोजगारी भत्ते के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक झोंक हुई। मंत्री के जवाब से नाखुश कांग्रेस विधायकों ने सदन में हंगामा किया और अंततः विरोध दर्ज कराते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### रेणुका सिंह का आरोप

## मुख्यमंत्री टॉवर योजना का बुरा हाल अब तक नहीं लगा एक भी टॉवर

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सत्ता पक्ष की विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत क्षेत्र में संचार व्यवस्था से जुड़ा सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि भरतपुर सोनहत विधानसभा में कितने गांव अब भी मोबाइल टावर की सुविधा से वंचित हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसका जवाब दिया, लेकिन इस जवाब से रेणुका सिंह असंतुष्ट दिखीं। साथ ही साथ रेणुका सिंह ने सदन में जानकारी दी कि मौजूदा समय में मुख्यमंत्री टावर योजना का क्या हाल है।



■ सीएम ने कहा- 337 गांवों में से 47 गांवों में एक भी मोबाइल टावर नहीं

रेणुका सिंह ने सवाल किया कि भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के कितने गांवों में मुख्यमंत्री टावर योजना शुरू की गई है। जवाब में जो मुझे उत्तर मिला है, उसके मुताबिक भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के 337 गांवों में से 47 गांवों में एक भी मोबाइल टावर नहीं है। अध्यक्ष महोदय भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र भौगोलिक रूप से छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र है। वहां पर 337 गांव नहीं, बल्कि 410 गांव हैं, 190 ग्राम पंचायतें हैं। ये क्षेत्र दो जिलों में बंटा हुआ है, पहला कोरिया और दूसरा एमसीबी, जबकि पिछले बजट सत्र में सीएम ने इस योजना की घोषणा की थी। अब इस बार का बजट आने को है, तो मेरा आग्रह है कि इस योजना को जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

#### मुख्यमंत्री टावर योजना का बुरा हाल

उन्होंने बताया कि एमसीबी के कलेक्टर ने लिखित रूप से ये जानकारी दी है कि यहां के 93 गांवों में मोबाइल नेटवर्क नहीं है। कोरिया कलेक्टर ने बताया है कि वहां के 107 गांवों में से 37 में मोबाइल टावर नहीं है। दोनों ही कलेक्टर ने चिप्स के सीईओ को पत्र लिखा है। मैंने भारत सरकार के सूचना मंत्री को भी लिखा था कि मेरे विधानसभा के 410 गांव में से 125 गांवों में मोबाइल टावर की सुविधा नहीं है। अब मेरे पास जो जानकारी है, उसमें मैं किसे सत्य मानूं, या तो 337 गांव में से 47 गांवों में मोबाइल टावर नहीं है, या फिर 410 गांव में से 125 में मोबाइल की सुविधा नहीं है।

#### सीएम ने बताया 47 गांवों में नहीं लगा टावर

सीएम साय ने जवाब दिया कि दूरसंचार विभाग ने जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक भरतपुर-सोनहत विधानसभा में 337 गांव हैं, जिनमें से 290 गांवों में मोबाइल टावर है, जबकि 47 गांवों में नहीं है। 40 गांवों में काम चालू है। हमने भारत सरकार को 5 हजार टावर के लिए पत्र लिखा था। 10 दिसंबर को 513 टावर की स्वीकृति मिली है, जिसमें से जो 7 गांव बचे थे, उसे भी शामिल कर लिया गया है।

#### पीएम जनमन योजना से मोबाइल टावर लगाने की मांग

मुख्यमंत्री के जवाब के बाद रेणुका सिंह ने सीएम विष्णुदेव साय को बताया कि भरतपुर सोनहत में देश की पांच सबसे पिछड़ी जनजातियों में से एक बैगा जनजाति बहुत ज्यादा संख्या में रहती है। पीएम जनमन योजना के तहत पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसमें स्पष्ट रूप से ये कहा गया है कि देश की जो पिछड़ी जनजातियां हैं, वो जहां भी निवासरत हैं, वहां स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और नेटवर्क की दिशा में कार्य किया जाएगा। पीएम जनमन योजना के तहत भी ऐसे क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगाए जा सकते हैं। अतः मेरा आग्रह है कि सीएम इस सदन में उन क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगवाने की घोषणा करें।

# काम नहीं कर रहे स्कूलों में लगे सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन, मंत्री ने दिए जांच के आदेश



सैनेटरी नैपकिन, वेंडिंग मशीन और इंसीनेशर मशीन लगाने का उठा मामला

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने स्कूल-कॉलेजों में लगे सैनेटरी नैपकिन, वेंडिंग मशीन और डिस्पोजल करने वाली इंसीनरेटर मशीन से जुड़ा मामला उठाया। भाजपा विधायक ने मशीनों के काम करने की जानकारी देते हुए जांच की मांग की, इस पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जांच का भरोसा दिलाया।

प्रश्न काल के दौरान सैनेटरी नैपकिन, वेंडिंग मशीन और इंसीनेशर मशीन के मुद्दे पर बीजेपी विधायक धरमलाल कौशिक ने महिला बाल विकास मंत्री से सवाल पूछा कि 2020 से 2023 तक इंसीनेटर मशीनों के लिए निविदा कब-कब निकली? कितनी राशि जारी हुई और कौन-कौन से फर्म ने जिलेवार इनस्टॉल किया। समय पर काम पूरा न होने पर कार्रवाई और भुगतान को लेकर भी जानकारी मांगी। उन्होंने कहा, मशीनें संचालित नहीं है, मामले की जांच कराई जाए। मंत्री राजवाड़े ने कहा, 1600 मशीनें ठीक हैं, 1300 मशीनें खराब हैं। फिलहाल, विभाग से ऐसी कोई जानकारी नहीं है। इस पर विधायक ने कहा कि मेरे क्षेत्र के दो स्कूलों की जांच करा लीजिए। बिल्हा के रुआबंदा में सेनेटरी नैपकिन मशीन के इंस्टॉल किया गया या नहीं। आसंदी ने इस पर मंत्री को जांच कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा, जांच करा लेंगे।

#### सभी जानकारी उपलब्ध कराएंगे

इसके अलावा सुचिता योजना का भी विधायक धरमलाल कौशिक ने जिक्र किया। विभागीय मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इसके जवाब में कहा, साल 2019 में 6 करोड़, 2020 में 10 करोड़, 2021 में 6 करोड़, 2022 में 11 करोड़ और 2023 में 12 करोड़ की राशि के खर्च हुई। मंत्री के दिए गए उत्तर को अपूर्ण बताते हुए विधायक ने चर्चा के लिए आगे तारीख देने की मांग रखी। इसके बाद मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही।

#### छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा अनुपूरक बजट 35 हजार करोड़ का आज विस में चर्चा के बाद होगा पास

राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन छत्तीसगढ़ के सबसे बड़ा अनुपूरक बजट 35 हजार करोड़ रुपए का मंगलवार को पारित होने की संभावना है। जानकारों का मानना है कि यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा अनुपूरक बजट है। विधानसभा में सोमवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने अनुपूरक पेश किया है। इस अनुपूरक प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा होगी। माना जा रहा है कि चर्चा के बाद ये अनुपूरक पारित कर दिया जाएगा। इस अनुपूरक में कई दर्जन विभागों की मांग संख्या के लिए करोड़ों, अरबों रुपयों की राशि का प्रावधान किया गया है।

## राष्ट्रीय पेंशन दिवस पर कल वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि राष्ट्रीय पेंशन दिवस के अवसर पर 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कर्मचारी भवन स्थित सभा कक्ष में 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अशोक अग्रवाल तथा विशेष अतिथि आरके त्रिवेदी सेवानिवृत्त विशेष आयुक्त (जीएसटी) होंगे। जिला अध्यक्ष पंकज नायक ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन एवं वरिष्ठ पेंशनर साथियों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर विधि विशेषज्ञों द्वारा पेंशनरों एवं वरिष्ठ नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जाएगी। बैठक में प्रांतीय महामंत्री उमेश मुदलियार, प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ ध्रुव, संभागीय अध्यक्ष विमल कुंडू, जिला सचिव बेनीराम गायकवाड़, कोषाध्यक्ष बीपी कुरील, उपाध्यक्ष द्वय राजेंद्र उमाठे एवं प्यारेलाल सेन, महामंत्री यशवंत भोंसले, मानकलाल पाण्डेय, केएन शर्मा, वायआर सोनी, केदार अग्रवाल, डॉ. चौहान, लक्ष्मण प्रसाद पनका सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभात कुमार होंगे महासमुंद एसपी



**रायपुर।** राज्य शासन ने आईपीएस प्रभात कुमार को महासमुंद का एसपी नियुक्त किया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एसआईबी के एसपी प्रभात कुमार को महासमुंद का एसपी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि महासमुंद जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केंद्रीय जांच ब्यूरो में पुलिस अधीक्षक के पद पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

**कार्यालय नगर पंचायत लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग )**
cmolawan@gmail.com

क्र / 201 / लो.नि.वि. / नं.प./ 2025-26 लवन, दिनांक 15/12/2025

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

नगर पंचायत लवन द्वापा निम्नालिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी/फर्म से ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ.डी.आर. के माध्यम से (राशि रु. में: | टेंडर प्रोसेसिंग फीस (डी.डी. के माध्यम से) (राशि रू. में) | निर्धारित समयावधि | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 181757 | मेन रोड़ से महामाया मंदिर तक गौरव पथ निर्माण कार्य। | 161.72 | 122000.00 | 3000.00 | 11 माह | दिनांक 06.01.2026 समय- शाम 5.30 बजे तक |

नोट :-(1) निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य है। (2) अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारियां नगर पंचायत कार्यालय से अथवा ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत लवन
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

"नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"

**केनरा बैंक Canara Bank** A Govt. of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **07/12/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **श्री राकेश कुमार सैनिक पुत्र श्री बलराम प्रसाद सैनिक** 60, बूटापारा दोमुहानी रोड वार्ड 7 दोमुहानी, बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495004 | खसरा नंबर 14/36, शीट नंबर 2, प्लॉट नंबर 28/1, मौजा - ढेका, पीएच नंबर 44, आरएनएम बिलासपुर, ब्लॉक बिल्हा, तहसील एवं जिला- बिलासपुर छत्तीसगढ़ क्षेत्रफलः 1125.00 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्री राकेश कुमार सैनिक पुत्र श्री बलराम प्रसाद चर्तुसीमाएँः उत्तरः संतुलित चंद्र की भूमि, दक्षिणः संगीता पांडे की भूमि, पूर्वः उत्तरा चंद्र की भूमि, पश्चिमः निस्तारी रास्ता BAANKNET PROPERTY ID: CNRBSAINIK LATITUDE: 22.040158 LONGITUDE: 82.209934 सांकेतिक कब्जा | 18.10.2024 / 21.12.2024 / दि. 14/12/2025 को ₹ 27,74,453.39/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 13,55,000/- / ₹ 1,35,500/- / ₹ 10000/- |


धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 06/12/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 07/12/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 15-12-2025, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक


## शब्द पहेली - 6079



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 6078 का हल



## सूडोकु नवताल - 6089

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6088 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 'बघवा' पर शिकारी ...

की मौत 3-4 दिन पहले होने की संभावना जताई जा रही है। बाघ के शरीर में चोट के गहरे निशान मिले हैं तथा बाघ के दांत व नाखून गायब हैं। पास में एक धारदार हथियार भी मिला है जिसका उपयोग बाघ का नाखून व दांत निकालने के लिए उपयोग करने की आशंका। जताई जा रही है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अधिकारी प्रथम दृष्टया बाघ का शिकार करने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। बाघ के शिकार को देखते हुए अधिकारियों ने गुरू घासीदास अभयारण्य। एवं कानन पेंडारी से स्नीफर डॉग व विशेषज्ञों को बुलाया है ताकि इस संबंध में आवश्यक साक्ष्य जुटाया जा सके।

### उम्रदराज बाघिन ...

गार्डन में लाया गया था। बाघिन को जिस समय रायपुर से बिलासपुर में लाया गया था, उस समय से रागिनी बीमारी से ग्रसित थी। बाघिन रागिनी का उपचार कानन पेण्डारी जू के डॉक्टर पीके चंदन की निगरानी में किया जा रहा था। कुछ दिनों तक रागिनी को सैलानियों के लिए डिस्प्ले में रखने के बाद रेस्क्यू सेंटर के पीछे एक केज में छोड़ दिया गया। यहां डॉक्टर रागिनी का प्रतिदिन उपचार कर रहे थे। डॉक्टरों के अनुसार किसी भी टाइगर की उम्र सीमा करीब 16 से 17 वर्ष के करीब होती है, लेकिन बाघिन रागिनी ने 18 वर्ष की उम्र पार कर ली थी।

### तेंदुए के पंजे...

सुबह तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। जंगल से कुछ दूरी पर राजस्व भूमि में पड़े शव ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। ग्रामीणों द्वारा सोमवार सुबह तेंदुए को मृत अवस्था में देखे जाने के बाद तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही विभागीय अमला मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### सरकार ने कहा-...

की मौत 3-4 दिन पहले होने की संभावना जताई जा रही है। बाघ के शरीर में चोट के गहरे निशान मिले हैं तथा बाघ के दांत व नाखून गायब हैं। पास में एक धारदार हथियार भी मिला है जिसका उपयोग बाघ का नाखून व दांत निकालने के लिए उपयोग करने की आशंका। जताई जा रही है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अधिकारी प्रथम दृष्टया बाघ का शिकार करने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। बाघ के शिकार को देखते हुए अधिकारियों ने गुरू घासीदास अभयारण्य। एवं कानन पेंडारी से स्नीफर डॉग व विशेषज्ञों को बुलाया है ताकि इस संबंध में आवश्यक साक्ष्य जुटाया जा सके।

### शाह-नड्डा ने नबीन...

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नबीन भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने के एक दिन बाद सोमवार दोपहर पटना से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। हवाई अड्डे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भाजपा के कई अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में मंत्री रहे नबीन (45) को रविवार को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। माना जा रहा है कि वह अंततः नड्डा के उत्तराधिकारी के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दिवंगत नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के बेटे नितिन नबीन एक तेज-तर्रार, वैचारिक रूप से दृढ़ और संगठन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता रखने वाले व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से भी जुड़े रहे। पांच बार विधायक रह चुके नवीन पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह बिहार सरकार में दो बार मंत्री के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि बिहार के मंत्री और छत्तीसगढ़ के पार्टी प्रभारी के रूप में नवीन का कार्यकाल उत्कृष्ट रहा, जिसमें संगठन का प्रभावशाली नेतृत्व करने की उनकी क्षमता उभरकर सामने आई। **नबीन ही बन सकते हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष**-भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। माना जा रहा है कि नितिन नबीन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा। बीजेपी की ऐसे ही परंपरा रही है। **नया दायित्व मेरे लिए पार्टी का आशीर्वादः नितिन** -भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि यह नया दायित्व पार्टी का आशीर्वाद है। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने दिवंगत पिता एवं भाजपा के पूर्व विधायक नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। नवीन सोमवार सुबह पटना के एक पार्क में अपने पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा अपने पिता के विचारों पर काम किया है। जो पार्टी को अपनी मां मानते थे और राष्ट्र को सर्वोपरि रखते थे। मेरा मानना है कि इसी कारण पार्टी ने मुझे यह अवसर देकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ काम जारी रखने का आशीर्वाद दिया है। इससे पहले भाजपा नेता ने पटना के महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। कैबिनेट मंत्री नवीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास देश के हर कस्बे और गांव तक पहुंचा है।

### दिल्ली में घने ...

इंडिया ने सुबह 'एक्स' पर एक पोस्ट में लगभग 40 उड़ानें रद्द करने की घोषणा की थी। इंडिगो सहित अन्य किसी एयरलाइंस ने अपनी रद्द या विलंबित उड़ानों की संख्या साझा नहीं की। अधिकारी ने कहा, हवाई अड्डे पर कुल 228 उड़ानें - 131 प्रस्थान और 97 आगमन - रद्द हुई हैं और पांच उड़ानों के गंतव्य बदले जाने की सूचना मिली है। दिल्ली हवाई अड्डे के संचालक दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने एक बयान में कहा, "हमारे अधिकारी यात्रियों की सहायता करने और सभी टर्मिनलों पर आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इंडिगो ने एक बयान में कहा, /"घने कोहरे के कारण कम दृश्यता (न्यूनतम स्तर से नीचे) ने दिल्ली और उत्तरी भारत के अन्य हवाई अड्डों पर परिचालन को बुरी तरह प्रभावित किया है, जो दुर्भाग्यवश हमारे नियंत्रण से बाहर है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि मौसम की मौजूदा स्थितियों के अनुसार परिचालन में बदलाव किए जाने के कारण कुछ उड़ानों में देरी हो सकती है, जबकि सुरक्षा को प्राथमिकता देने और हवाई अड्डे पर लंबे समय तक प्रतीक्षा को कम करने के लिए दिन के दौरान कुछ अन्य उड़ानों को एहतियातन रद्द किया जा सकता है। इंडिगो ने हालांकि यह नहीं बताया कि उसकी कितनी उड़ानें रद्द हुईं और कितनी विलंबित हुईं।

### संत, कथावाचक ...

के दौरान वह 25 बार जेल गए। वेदांती के उत्तराधिकारी महंत राघवेश दास ने बताया कि पूर्व सांसद के पार्थिव शरीर को अयोध्या लाया गया है। रीवा स्थित श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के अधीक्षक अक्षय श्रीवास्तव ने कहा कि वेदांती को रविवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा कि जब उन्हें भर्ती कराया गया तब वेदांती को रक्त विषाक्तता (सेप्टीसीमिया) का संक्रमण था और यह बहुत ज्यादा फैल चुका था। श्रीवास्तव ने बताया कि उनका रक्तचाप बेहद कम हो गया था और किडनी ने भी काम करना बंद कर दिया था। उन्होंने बताया कि रविवार रात उन्हें हृदयाघात आया और चिकित्सकों की टीम ने उपचार का हरसंभव प्रयास किया। इसके लिए वेंटिलेटर पर रखा गया। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें नहीं बचाया जा सका। सोमवार सुबह उनका निधन हो गया। श्रीराम जन्मभूमि न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष रहे वेदांती कथा वाचन के लिए 10 दिसंबर से रीवा जिले के भठवा (लालगांव) में थे। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि रविवार को हृदयाघात के बाद उन्हें एयर एंबुलेंस से भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाने का प्रयास किया गया था, लेकिन खराब दृश्यता के कारण यह संभव नहीं हो सका।

### मनरेगा की जगह...

ग्रामीण इलाकों में जो बड़ा सामाजिक-आर्थिक बदलाव आया है, उसे देखते हुए इसे और मज़बूत करना ज़रूरी हो गया है। मनरेगा में जहां आजीविका सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित था, वहीं नए विधेयक में कहा गया है कि इसका मकसद समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तीकरण, विकास, तालमेल और संतृप्ति को बढ़ावा देना है, और विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक' पर जोर देना है। विधेयक के अनुसार, खेतिहर मज़दूरों की उपलब्धता को आसान बनाना ज़रूरी है। संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू हुआ था, जो 19 दिसंबर को समाप्त होगा।

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital
Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे
MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-बिलासपुर की Pvt. Ltd. कम्पनी को Branch Manager, Services Manager, Marketing Manager, फिल्ड ऑफिसर, Counselor, Tele Caller, Computer Operator (Hindi/ English Typing) की आवश्यकता है । वेतन (10000 से 35000) सम्पर्क करें- Narayan Plaza, Bilaspur 6269222001 (39410)

**आवश्यकता है**-होटल की रसोई (किचन) में बर्तन धोने एवं साफ सफाई कार्य करने हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल विस्तारा मेन रोड तिफरा बिलासपुर 93015 77078 (39411)

**आवश्यकता है**-संजय बैग हाउस एसी शोरूम में सेल्स के लिए लड़के, लड़कियों एवं कम्प्यूटर आपरेटर ब्वॉयेज, गर्ल्स की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827114449 (39412)

**आवश्यकता है**-हॉस्टल में साफ सफाई कार्य करने के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें-पी.पुरी, मित्र विहार नारायण प्लाजा के पास लिंक रोड बिलासपुर 9340969592 7828803577 (39408)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रीकल दुकान में रिपेयरिंग, साईड कार्य, वायरिंग, फिटिंग कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है रहने की सुविधा सम्पर्क करें- अरूण इलेक्ट्रीकल्स चन्द्रा पार्क के सामने बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7869102080 (39407)

**आवश्यकता है**-सुरक्षागार्ड सिक्युरिटी सुपरवाइजर गनमैन फिल्ड ऑफिसर कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000, आवास फ्री। पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जे.जे. हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 80852 33213, 8253010291, 8889 997826 (39295)

**आवश्यकता है**-चौधरी डेन्टल क्लीनिक में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- पीसी ज्वेलर्स के पास, सीजी प्लाजा, अग्रसेन चौक बिलासपुर 7000721533, 9981909487 (39409)

**आवश्यकता है**-नवजात बच्चे की देखभाल के लिए नोनी या लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पी. पुरी, मित्र विहार, नारायण प्लाजा के पास, लिंक रोड बिलासपुर 9714927620, 8980809043 (39403)

**आवश्यकता है**-टिफिन सेन्टर में खाना बनाने के लिए महिला एवं टिफिन पहुंचाने के लिए लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9399299641 (39402)

**आवश्यकता है**-टायर एण्ड सर्विस दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी एलाइनमेन्ट टेक्नीशियन, कार वाशिंग हेतु मेहनती लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गुरुकृपा टायर्स एण्ड सर्विसेज गाँधी चौक बिलासपुर 98271 68468 (39404)

**आवश्यकता है**-लड़कों की आवश्यकता है रनिंग ट्रेन में साफ सफाई और AC अटेंडेंट, ट्रेन के AC कोच में बेड रोल, पिल्लों, चादर, बाटने के लिए, काम करने के लिए। ऑफिस- रेल्वे स्टेशन बॉक्सिन स्टेडियम के बगल में SKS ऑफिस है सम्पर्क- 9907956399, 8172091522, 8516829325 (39405)

**आवश्यकता है**-घर पर रहकर हमारे घर में घरेलू काम करने के लिए लड़का या लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 96692 11111, 9827175811 (39406)

**आवश्यकता है**-Secure N Safe Pest Control को 6 टेक्नीशियन, 4 सेल्स ऑफिसर चाहिए वेतन 12000 से 15000+ खाना, पैट्रोल+ सुविधाएं। लोकेशन बिलासपुर पता- HIG-3, पारिजात एक्सटेंशन नेहरू नगर बिलासपुर 9203168101, 9893241870 (39395)

**आवश्यकता है**-यश बिग बाजार में काम करने हेतु सेल्सगर्ल, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सेल्स ब्वॉय की शीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- स्टेट बैंक के सामने राजकिशोर नगर बिलासपुर 93003 29794, 9131876031 (39399)

**आवश्यकता है**-केयर टेकर लेडिस (खाना, साफाई, बच्चों की देखभाल) 10पद, हाऊस किपिंग स्टाफ लड़के, लड़की (हास्पीटल, शोरूम) 50पद, ड्राईवर 5पद सभी बिलासपुर हेतु वेतन 7000 से 12000 सम्पर्क करें- 8461881111, 8889823100 (39397)

**आवश्यकता है**-घर कार्य के लिए ड्राइवर एवं हाउस कीपिंग के लिए और ऑटो पाट्‌र्स दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 (39390)

**आवश्यकता है**-अनुभवी बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन सुपरवाइजर की आवश्यकता है कार्य क्षेत्र मंगला बिलासपुर। सैलेरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9755042841, 9755535553 (39388)

**आवश्यकता है**-कपड़ों की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों एवं कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 (अनुभव के अनुसार) सम्पर्क करें- MOD Girls & Kids, 9907110290 (39401)

**आवश्यकता है**-रियल एस्टेट कम्पनी में कार्य का सुनहरा अवसर टेलीकॉलिंग हेतु लड़की, मार्केटिंग हेतु लड़को की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अम्बे कंस्ट्रक्शन AGFG चर्च के पास मोपका चौक बिलासपुर 79872 36607, 7898744079 (39379)

**आवश्यकता है**-टाटा वर्क शॉप में काम करने हेतु ऑटो इलेक्ट्रीशियन, कुशल मैकेनिक हेल्पर की आवश्यकता है, सम्पर्क करें- शंकरा मोटर्स पेंड्रीडीह सकरी बाईपास बिलासपुर 9644564567 (418)

**आवश्यकता है**-Walk-In Interview 19 दिसंबर 2025 General Sales Executive Field Work बिना टारगेट स्थिर नौकरी फील्ड सेल्स में कैरियर बनाने का शानदार अवसर टारगेट फ्रेशर के बिना सुरक्षित और स्थिर नौकरी। सैलरीः 12000- 15000 लाभ Pf, Esic, ग्रोथ के अवसर योग्यता न्यूनतम 1वर्ष का फील्ड सेल्स अनुभव, अच्छी कम्युनिकेशन स्किल, इंटरव्यू पता- Ora Makers, 2nd Floor Krishna Complex Shiv Talkies Chowk, Bilaspur समय सुबह 11 बजे से शाम 4बजे तक रिज्यूम के साथ सीधे Walk-In करें सीमित पद पहले आएँ पहले पाएँ- 7970010958 (428)

**आवश्यकता है**-कपड़े की दुकान में काम करने हेतु हेल्पर, सेल्समेन लड़कों की आवश्यकता है नेमा कम्पनी, सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 9827104451 (39394)

**आवश्यकता है**-दवाई दुकान में सामान निकालने, जमाने एवं पैक करने के लिए अनुभावी कर्मचारियो और प्यून (चपरासी) की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- नेशनल मेडिकोज, बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7987972716 (39387)

**आवश्यकता है**-(1) सिविल साइट इंजीनियर, सुपरवाइजर (ऑटोकैड, स्ट्रक्चरल अनुभवी साइट चलाने योग्य) (2) ऑटोमैटिक कार हेतु अनुभवी लाइसेंसी, मेहनती, नशामुक्त ड्राइवर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- 9770770000, 98270 72000 (39304)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर-2, टेंडर कार्य, मार्केटिंग ऑफिसर 3, योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर- 15, सुरक्षागार्ड- 66, वेतन 13000- 10000/- सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 77460 00019 (348)

**आवश्यकता है**-कस्टमर विजिट, बकाया कलेक्शन डेली रिपोर्टिंग हेतु फील्ड वर्क में सक्षम कलेक्शन ऑफिसर चाहिए कार्य क्षेत्र बिलासपुर+ आसपास योग्यता 10वीं, 12वीं, वेतन 8000 से 12000+ टीए, डीए सम्पर्क करें- 78699 19759 (39391)

**आवश्यकता है**-मंगला चौक, शुभम विहार, मिनोचा कॉलोनी, उसलापुर, नेचर सिटी, रामा लाइफ, आसमां सिटी में कामवाली बाई, खाना बनाने वाला कुक चाहिए। दैनिक अथवा मासिक विकल्प उपलब्ध। सम्पर्क करें- 91095 11248, 9244664654 (39368)

**आवश्यकता है**-पेंसिल पैकिंग शिक्षित बेरोजगार महिला पोस्ट घर बैठे काम करके 45000 से 75000 NOC फीस 620/- Whats App Contact- Vipin Gupta 9354636017 (1261)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु टेलिकॉलिंग महिला एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है सैलरी 5000 से 10000+ अतिरिक्त कमीशन सम्पर्क करें- गीतांजलि विहार लखन भोजनालय नेहरू नगर बिलासपुर 09685646863 (0301)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु टेलिकॉलिंग महिला एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है सैलरी 5000 से 100000 सम्पर्क करें- मंदिर चौक बिलासपुर 089823 73586 (0302)

**आवश्यकता है**-सिक्योरिटी एजेंसी में कार्य करने हेतु इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें कार्य स्थल कार का शोरूम मोटर साइकिल शोरूम अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी, योग्यता 10वीं पास कार्य स्थल बिलासपुर सम्पर्क करें- 99816 30084, 9425534940 (426)

**आवश्यकता है**- लेथ मशीन ऑपरेटर, शेपर मिस्त्री वेल्डर, गैस कटिंग का काम जानता हो सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग कृष्ण जेसीबी के पीछे, बिलासपुर 7828070065 (417)

**आवश्यकता है**-शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के आयु 18 से 30वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ कमाए 20000 तक रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 9109258234, 74154 55110 (522)

**आवश्यकता है**-टेलीकॉलिंग हेतु युवतियों व महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 8वीं, 10वीं से ग्रेजुएशन, वेतन 5000+ कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें-गुरु नानक चौक तोरवा बिलासपुर 8871798973, 7389532708 (423)

**आवश्यकता है**-छत्तीसगढ़ में नवबोध प्रकाशन की किताबों के प्रचार कार्य हेतु स्नातक मेहनती लड़को की स्वयं के वाहन वालों को प्राथमिकता मासिक वेतन+ रहना, खाना, पेट्रोल खर्च संपर्क करें- राजनांदगांव- 6264313203 कवर्धा- 7898948892 अम्बिकापुर- 9340032987, रायगढ़- 9893212304, बिलासपुर- 9977197164, मुंगेली- 7745966225, महासमुंद- 7509441877, धमतरी- 7987362136, रायपुर ऑफिस- 7471145007, 7471145009 (893)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी पास लड़कों की आवश्यकता है जो ग्वालियर में रहकर काम कर सके वेतन 12000+ कमीशन +बोनस, रहना फ्री, ट्रेनिंग बाद 12000 से 20000 महीने सम्पर्क करें- 6269626054, 8982690021 (523)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर, जांजगीर, खरसिया में सुरक्षा गार्ड, सुपरवाईजर, ड्राइवर की आवश्यकता है। PF, ESIC मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धि विनायक सिक्युरिटी, राजेंद्र नगर बिलासपुर 9111175190 9098318675 (427)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## बेचना है

**बेचना है**-नगर निगम बिलासपुर में बहतराई ब्रिलिएंट पब्लिक के पास आपका आदिवासी प्लाट लेने का सपना होगा साकार सस्ते, किफायती दर पर आदिवासी एवं सामान्य प्लाट उपलब्ध है सम्पर्क करें- 9340387167 (39371)

**बेचना है**-बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2 BHK स्वतंत्र मकान बेचना है फाइनेंस सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें-6265041277, 8461997770 (419)

**बेचना है**-बिलासपुर मसानगंज में स्थित 6BHK का नवनिर्मित मकान, गीतांजलि सिटी फेस-2 के बगल में नया 2BHK मकान, कोटा मेन रोड में 2 एकड़ कमर्शियल प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 78988 55268 (39297)

**बेचना है**-हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

## फाइनेन्स

**फाइनेन्स**-विजया फाइनेन्स कम्पनी द्वारा सभी प्रकार के लोन, आधार कार्ड लोन, बिजनेस, पर्सनल, होम, कृषि महिला ग्रुप लोन, 40% छूट आसानी से घर बैठे लोन 2% ब्याज दर पर सम्पर्क करें- 9424164185 (422)

**फाइनेन्स**-राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्क शीट, आधार कार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होम लोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान हेड ऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्प लाइन नम्बर- 98170 98991, 9817098991 (412)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है।
क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है।
क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं हैं। ये खुरापाती नीम हकीमों से सावधान इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इन्नुनों थैरिपी पर आधारित केवल रस रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
मो.- 94255-55659
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# एशेज : इंग्लैंड टीम में बदलाव, टंग की वापसी, बशीर को नहीं मिली जगह

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

इंग्लैंड ने 17 दिसंबर से खेले जाने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए गुस एटकिंसन की जगह जोश टंग को टीम में वापस बुलाया है, लेकिन धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच की संभावना के बावजूद विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर को एकादश में जगह नहीं मिली है।

टंग की वापसी इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है, जिसे गाबा में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे हैं। उसके लिए श्रृंखला में बने रहने के लिए एडिलेड में जीत दर्ज करना जरूरी होगा।

- तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग इलेवन का ऐलान
- इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे



### एटकिंसन को खराब प्रदर्शन की मिली सजा

एटकिंसन को 78.66 की औसत से सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। टंग भारत के खिलाफ पांच मैचों की पिछली श्रृंखला में अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। उन्होंने एशेज के अपने पिछले टेस्ट (लॉर्डस, 2023) में स्टीव स्मिथ को दोनों पारियों में आउट करने के साथ पांच विकेट झटके थे।

### इंग्लैंड की टीमः

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, जोश टंग, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

### हरफनमौला जैक्स को मिली तरजीह

चयनकर्ताओं ने बशीर के टीम में होने के बावजूद स्पिन गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला विल जैक्स को तरजीह दी है। बशीर को इससे पहले पर्थ और ब्रिसबेन की तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में खेले गए मैच के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था और जब परिस्थितियां उनके अनुकूल होने की संभावना है तो टीम ने जैक्स को एकादश में बनाए रखने का फैसला किया। इस बीच ऑस्ट्रेलिया की टीम में नाथन लियोन की वापसी हुई है।

### ओपनिंग स्लॉट में डकेट का बल्ला खामोश



वहीं ओपनिंग स्लॉट में बेन डकेट का बल्ला अभी तक खामोश है। हैरी ब्रूक के बल्ले से भी रन नहीं निकले हैं। जैक क्रॉली की एक पारी दूसरे टेस्ट की हटा दें तो उन्होंने भी निराश किया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने गेंद से प्रभावित किया है लेकिन बल्ला खामोश रहा है। ऐसे में इंग्लैंड को अगर वापसी करनी है तो सभी खिलाड़ियों को फॉर्म दिखाना होगा।

### पर्थ में इंग्लैंड की बल्लेबाजी फ्लाप

इंग्लैंड की टीम अभी तक इस मौजूदा एशेज सीरीज में संघर्ष करती दिखी है। पर्थ में टीम की बल्लेबाजी फ्लाप रही थी। उसके बाद ब्रिसबेन में जो रूट ने शतक जरूर लगाया लेकिन गेंदबाजों ने निराश किया। ऑस्ट्रेलिया ने दोनों मुकाबले 8 विकेट से जीते। मिचेल स्टार्क दोनों मैच मिलाकर 18 विकेट ले चुके हैं। अंग्रेज उनकी गेंदबाजी का हल नहीं निकाल पा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### 26 मार्च से शुरू होगा पीएसएल का 11वां सत्र

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग का 11वां सत्र अगले साल 26 मार्च से 3 मई तक खेला जाएगा और लगातार दूसरी बार यह उसी समय होगा जब इंडियन प्रीमियर लीग खेला जाता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने न्यूयॉर्क मे पीएसएल रोड शो के दौरान यह घोषणा की। आईपीएल भी मार्च के आखिरी सप्ताह से शुरू होकर मई के आखिर तक चलता है। नकवी ने कहा कि इस अवधि में पाकिस्तान टीम के किसी भी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में बदलाव किया जाएगा। पाकिस्तान को मार्च-अप्रैल में बांग्लादेश में दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इस साल भारत और श्रीलंका में फरवरी मार्च में टी20 विश्व कप भी होना है।

### गेंदबाजों ने हमारे लिए दिक्कतें खड़ी की : माक्ररम



**धर्मशाला।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्ररम ने तीसरे टी20 मैच में मिली हार के बाद कहा कि भारत के नई गेंद के गेंदबाजों ने उनके लिए दिक्कतें खड़ी की और उनके बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सके। भारत के अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने पहले चार ओवर के भीतर दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट उस समय निकाल दिए जब स्कोर बोर्ड पर सात रन ही टंगे थे। इन झटकों से माक्ररम की टीम उबर नहीं सकी और 117 रन बनाने के बाद सात विकेट से हार गई। माक्ररम ने कहा,' उन्होंने सही जगहों पर गेंद डाली। अर्शदीप ने उम्दा गेंदबाजी की। उनके नई गेंद के दोनों गेंदबाजों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।' उन्होंने कहा,'आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं लेकिन आखिर में गेंदबाजों को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और उन्होंने वही किया।

### आचरेकर सर ने बदली मेरी जिंदगी : आमरे



**मुंबई।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच रमाकांत आचरेकर के साथ अपनी शुरुआती मुलाकात को याद करते हुए भारत के पूर्व बल्लेबाज प्रवीण आमरे ने कहा कि इससे उनकी जिंदगी बदल गई थी। आमरे ने कहा, 'सब जानते हैं कि मैं अचरेकर सर का छात्र हूं लेकिन कोई नहीं जानता कि उनसे मेरी मुलाकात कैसे हुई। मैं शिवाजी पार्क के बाकी बच्चों की तरह ही क्रिकेट खेलता था। एक दिन मैंने अपने साथियों से कहा कि हमें 'लेदर' की गेंद से खेलना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मैं चप्पल पहनकर अचरेकर सर के पास गया और उनसे पूछा, 'क्या आप मेरी टीम के खिलाफ एक मैच खेल सकते हैं?' उन्होंने मुझसे कहा, 'आपको सफेद वर्दी और जूते पहने हुए 11 खिलाड़ियों के साथ 55 रुपये और एक गेंद देनी होगी।'

## आईपीएल : 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी 10 टीमें

# मिनी ऑक्शन : ग्रीन, लिविंगस्टोन और वेंकटेश बन सकते हैं फायदे का सौदा

एजेंसी ▶▶| अबु धाबी

विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के उपलब्ध नहीं होने के कारण कैमरन ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग की मंगलवार को होने वाली छोटी नीलामी में फायदे की स्थिति में रह सकते हैं और कोलकाता नाइट राइडर्स तथा चेन्नई सुपरकिंग्स जैसी टीम इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं।

नीलामी में 10 टीम 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी और सभी टीम के पास मिलाकर 237 करोड़ 55 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। मुंबई इंडियन्स की हालांकि नीलामी में अधिक भूमिका नहीं होगी क्योंकि उसके पास सिर्फ दो करोड़ 75 लाख रुपए उपलब्ध हैं और वह कुछ अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को उनके आधार मूल्य पर ही खरीद पाएगी। ग्रीन, भारतीय टीम से बाहर चल रहे वेंकटेश अय्यर और इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन पर भारी-भरकम बोली लग सकती है।

### टीमों के पास 237 करोड़ 55 लाख रुपए की राशि उपलब्ध

#### लिविंगस्टोन और डिकॉक को मिल सकते हैं 9 करोड़



इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी लिविंगस्टोन और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक 10 लाख डॉलर (नौ करोड़ रुपए) का आंकड़ा छू सकते हैं। डिकॉक ने बार-बार दिखाया है कि वह बल्ले से मैच विजेता हैं और विकेटकीपर के रूप में भी बहुत भरोसेमंद हैं। अनकैप्ड भारतीय प्रशांत वीर और मुकुल चौधरी बोली लगाने वालों को आकर्षित करेंगे जबकि पृथ्वी साव और सरफराज खान भी उम्मीद करेंगे कि उन्हे 75 लाख रुपए के कम आधार मूल्य पर कोई खरीदार मिले। अनकैप्ड भारतीयों में अशोक शर्मा पर भी अच्छी बोली लगने की उम्मीद है। वह पहले आईपीएल टीम का हिस्सा रह चुके हैं ।।(ऋऔर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### केकेआर के पर्स में सर्वाधिक राशि

कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे अधिक 64 करोड़ 30 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है और उसकी नजरें टीम को नए सिरे से तैयार करने पर टिकी होंगी। टीम को 13 खिलाड़ियों को खरीदना है और नीलामी में उसे मुख्य रूप से चुनौती सुपरकिंग्स से मिलने की उम्मीद है, जिसके पास 43 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। छोटी नीलामी हमेशा बड़ी नीलामी से अधिक दिलचस्प होती है क्योंकि फ्रेंचाइजी खास पसंद के साथ आती हैं और अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती हैं। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के लिए हमेशा से बड़ी बोलियां लगती रही हैं।

### बोली की रकम और वेतन अलग-अलग

ऐसी चर्चा है कि ग्रीन आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक कीमत वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में अपने हमवतन मिचेल स्टार्क (24 करोड़ 75 लाख रुपए) को पीछे छोड़ सकते हैं लेकिन इसमें भी एक पेंच है। भले ही ग्रीन की बोली 25 करोड़ रुपए से अधिक हो जाए लेकिन फिर भी इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपए ही रहेगा। बोली की रकम और खिलाड़ियों का वेतन दोनों अलग-अलग होगा, जिसमें बोली की रकम को टीम के कुल सालाना खिलाड़ी वेतन में से काटा जाएगा। इसका कारण आईपीएल का 'अधिकतम फीस' नियम है, जिसके अनुसार छोटी नीलामी में किसी विदेशी खिलाड़ी की अधिकतम फीस सबसे अधिक कीमत (18 करोड़ रुपए) पर रिटेन किए गए खिलाड़ी और पिछली बड़ी नीलामी सबसे अधिक बोली (2025 में ऋषभ पंत के लिए 27 करोड़ रुपए) में से जो भी कम हो, वह होगी।

## आईएलटी20

# प्लेआफ में डेजर्ट वाइपर्स दुबई कैपिटल्स को हराया



एजेंसी ▶▶| दुबई

सैम कुरेन के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर डेजर्ट वाइपर्स ने दुबई कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर आईएलटी20 प्लेआफ में जगह बना ली।

कैपिटल्स ने चार विकेट पर 166 रन बनाए, जिसके जवाब में वाइपर्स ने कुरेन के प्रदर्शन की बदौलत जीत दर्ज की। इंग्लैंड के हरफनमौला कुरेन ने दो विकेट लेने के बाद 33 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन बनाए। मैक्स होल्डन ने 22 गेंद में 34 रन बनाए जबकि फखर जमां ने 12 गेंद में 14 रन जोड़े। इससे पहले कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही और नसीम शाह ने तीसरे ओवर में शायन जहांगीर (सात गेंद में सात रन) को आउट किया। लुइस डु प्लॉय ने 44 गेंद में 54 रन बनाए।

- कुरेन ने शानदार गेंदबाजी के बाद दिखाया बल्ले से दम

### गेंदबाजों की वापसी से खुश : मोर्कल

**धर्मशाला।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम स्कोर वाले तीसरे टी20 मैच में अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन से काफी खुश हैं । दूसरे मैच में 22 अतिरिक्त समेत 213 रन देने के बाद भारतीय गेंदबाजों ने तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को 117 रन पर आउट करके सात विकेट से जीत दर्ज की । मोर्कल ने कहा ,'मुझे खुशी है कि गेंदबाजों ने इस तरह से वापसी की।' अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टी20 में आठ ओवरों में 99 रन दे डाले। बुमराह निजी कारणों से रविवार का मैच नहीं खेले, जिनकी जगह हर्षित राणा ने ली। राणा और अर्शदीप ने दो-दो विकेट चटकाए। अर्शदीप ने कहा,' पिछले मैच में मैंने जब भी वाइड गेंदें डाली, कैमरा कोच (मोर्कल) के चेहरे से ऐसा लग रहा था मानो उन्होंने मुझे कोई गलत रणनीति दे दी थी।

## टीपीएल

# ईगल्स को हराकर जीएस दिल्ली एसेस ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

जीएस दिल्ली एसेस ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के फाइनल में यश मुंबई ईगल्स पर 51-36 से शानदार जीत के साथ पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया।

बेल्जियम की खिलाड़ी सोफिया कोस्टौलास ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए रिया भाटिया को 18-7 से हराकर महिला एकल में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। कोस्टौलास और जीवन नेदुनचेझियान की मिश्रित युगल जोड़ी ने दमदार रिटर्न और आत्मविश्वास से भरे नेट प्ले के साथ भाटिया और निकी पुनाचा की जोड़ी को 16-9 से हराकर दिल्ली एसेस की बढ़त को और मजबूत कर दिया। पुरुष एकल में मुंबई ईगल्स के विश्व नंबर 57 दामिर जुम्हूर ने बिली हैरिस को 16-9 से हराया कुछ हद तक टीम की वापसी कराई लेकिन जीएस दिल्ली एसेस के पास अब भी 11 अंकों की बढ़त थी। पुरुष युगल हैरिस और नेदुनचेझियान ने संयमित और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए निकी पुनाचा और जुम्हूर को 8-4 से हराकर दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी।

### आज से वानखेड़े स्टेडियम में दिव्यांग टी20 सीरीज

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम भारत और भारत 'ए' टीमों के बीच तीन मैचों की शारीरिक दिव्यांग टी20 श्रृंखला की मेजबानी 16 से 18 दिसंबर तक करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने यह घोषणा की। तीन दिवसीय टी20 श्रृंखला का उद्देश्य समावेशिता, जज्बा और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शारीरिक दिव्यांगता क्रिकेट की बढ़ती प्रतिष्ठा को उजागर करना है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के महासचिव उन्मेष खानविलकर ने कहा, 'पहली बार शारीरिक दिव्यांगता क्रिकेट श्रृंखला की मेजबानी करना एमसीए के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह साहस और जज्बे का जश्न मनाने के साथ क्षमता को नए तरह से परिभाषित करता है और इस बात की पुष्टि करता है कि क्रिकेट वास्तव में सभी का है।'

### सभी सीनियर खिलाड़ी खेलें घरेलू क्रिकेट : बीसीसीआई

*नई दिल्ली। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के मौजूदा खिलाड़ियों के लिए 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी , 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरूआत में आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी। इसमें हर प्रारुप में घरेलू क्रिकेट पर अधिक जोर देने के लिए कहा गया था। विराट कोहली और रोहित शर्मा टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं। वहीं सीनियर खिलाड़ी शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव को अपनी अपनी टीमों के लिए कम से कम दो मैच खेलने के लिये कहा जा सकता है।*



# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : इशान का कप्तानी में जलवा, टीम को जिताए 9 में से 9 मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इशान किशन ने भारत के लिए आखिरी इंटरनेशनल मैच नवंबर 2023 में खेला था। दो साल से ज्यादा वक्त बीत गया, इशान का टीम इंडिया में चयन नहीं हुआ। अब मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इशान ने बल्ले के साथ-साथ कप्तानी में भी जलवा बिखेरा है। वह टूर्नामेंट में अभी तक 381 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं उनकी कप्तानी में झारखंड ने अभी तक 9 में से 9 मैच जीते हैं।



### झारखंड नॉकआउट राउंड में पहुंचने के करीब

झारखंड की टीम ने मौजूदा टी20 टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज में सभी सात मैच जीते थे। इसके बाद सुपर लीग के पहले दोनों मैच टीम ने जीत लिए। रविवार को एमपी के खिलाफ झारखंड ने 1 रन से मुकाबला जीता। झारखंड के लिए अलग-अलग मैचों में कुमार कुशाग्र, अनुकूल रॉय जैसे खिलाड़ियों ने भी परफॉर्म किया है।

### भारतीय टीम में नहीं मिल रही जगह

वनडे में केएल राहुल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल को प्राथमिकता मिल रही है बतौर विकेटकीपर। साथ ही टी20 में जितेश शर्मा और संजू सैमसन मौजूद हैं। टेस्ट में भी पंत और जुरेल की जगह पक्की है। इस कारण इशान किशन इंटरनेशनल टीम से इन दिनों दूर हैं, लेकिन अगर उनका ऐसा परफॉर्मेंस जारी रहता है तो बहुत दिन तक वह टीम से बाहर नहीं रहेंगे। इशान किशन ने भारत के लिए अभी तक 32 टी20 इंटरनेशनल खेलते हुए 796 रन बनाए हैं, जिसमें 6 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं वनडे में इशान ने एक दोहरा शतक भी लगाया है और 24 पारियों में वह 933 रन बना चुके हैं। तीन टेस्ट पारियों में भी इशान किशन ने 78 रन बनाए और 52 नाबाद उनका सर्वाधिक स्कोर है। ओवरऑल टी20 करियर में इशान ने 205 पारियों में 5651 रन बनाए हैं।

## शेफाली ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ा

# शेफाली ने जीता आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला विश्व कप के फाइनल में पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का नवंबर महीने का 'माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार मिला है।

प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद अपने विश्व कप अभियान को सेमीफाइनल में शुरू करने वाली शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 78 गेंदों में 87 रन बनाए। यह महिला विश्व कप फाइनल में किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज के बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। शेफाली ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ कर अपना पहला 'महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार जीता।



### पुरस्कार टीम कोच और परिवार को समर्पित

शेफाली ने कहा, 'आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में मेरा पहला अनुभव मेरी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन यह मेरी कल्पना और उम्मीदों से कहीं बेहतर तरीके से समाप्त हुआ।'' उन्होंने कहा, 'मैं आभारी हूं कि मैं फाइनल में टीम की सफलता में योगदान दे सकी और घरेलू दर्शकों के सामने पहली बार विश्व कप जीतने के इतिहास का हिस्सा बन सकी।' शेफाली ने कहा, 'मैं नवंबर माह के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुने जाने पर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी टीम के साथियों, अपने सभी कोच, परिवार और उन सभी को समर्पित करती हूं, जिन्होंने अब तक मेरी यात्रा में मेरा साथ दिया है।

### हार्मर को मिला पुरुष वर्ग का पुरस्कार

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर को भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी के लिए पुरुष वर्ग का पुरस्कार मिला। हार्मर के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका भारत में 25 साल में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने में सफल रहा। हार्मर ने बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और पाकिस्तान के हरफनमौला मोहम्मद नवाज को पछाड़कर पहली बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अपने नाम किया। इस 36 साल के स्पिनर ने दो मैचों की श्रृंखला में 17 विकेट लिए, जिससे उनकी टीम 2-0 से सूपड़ा साफ करने में सफल रही। उन्होंने कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट की दोनों पारियों में चार-चार जबकि गुवाहाटी में पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए थे।





# भारत की वो पांच जगहें, जहां पहुंच नहीं पाती ठंड, सर्दियों में भी पंखा चलाते हैं लोग!

*नई दिल्ली। भारत में विंटर सीजन यानी सर्दियों का मौसम आ गया है। हर तरफ लोग स्वेटर, शॉल ओढ़े नजर आ रहे हैं। सर्दियों का ये मौसम जहां कुछ लोगों का पसंदीदा होता है, वहीं कई लोगों को ये सीजन पसंद नहीं आता। अगर आप भी फटती स्किन और ठंड के ठिठुरन से परेशान हैं, तो आपको हम भारत की ही ऐसी पांच जगहों के बारे में बताते हैं, जहां ठंड पहुंच ही नहीं पाती। यहां सर्दियों के मौसम में भी गर्मी रहती है। अगर आपको ठंड पसंद नहीं है तो आप भी इन जगहों पर छुट्टियां बिताने जा सकते हैं।*

## कच्छ

गुजरात के रण ऑफ कच्छ को भी सर्दियों के मौसम में वेकेशन के लिए परफेक्ट माना जाता है। यहां सर्दियों के सीजन में भी धूप अच्छी रहती है। साथ ही विंटर्स में लगने वाले रण उत्सव को एन्जॉय करने के लिए कई सैलानी यहां आते हैं। आप भी अगर सर्दियों में किसी गर्म जगह में जाने की सोच रहे हैं तो ये आपके लिए परफेक्ट है।



## लक्षद्वीप

भारत का ये आइलैंड अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है। लेकिन, आपको बता दें कि यहां कभी भी सर्दियां नहीं होती। ऐसे में लोग स्वेटर खरीदते ही नहीं हैं। दिसंबर में भी आपको यहां समुद्र का पानी गुनगुना मिलेगा। इस आइलैंड पर दिसंबर में न्यूईयर मनाने वालों की भीड़ रहती है।



## जयपुर

अभी तक तो समुद्री जगहों के बारे में आपने जाना, लेकिन अगर आपको पानी भी पसंद नहीं है तो आपके लिए जयपुर भी परफेक्ट है। दिसंबर में यहां कड़ाके की ठंड तो नहीं होती, लेकिन गुनगुनी धूप में आप कई किलों की सैर कर सकते हैं। ये जगह कई ऐतिहासिक किलों का घर है। ऐसे में धूप में आप यहां आराम से घूम सकते हैं।



## अंडमान-निकोबार द्वीप

इस आइलैंड पर भी मौसम दिसंबर में भी सुहाना होता है। यहां आप धूप में घंटों बैठकर एन्जॉय कर सकते हैं। ना तो भीषण गर्मी ना कड़ाके की ठंड। ये मौसम विंटर हेटर्स के लिए परफेक्ट है।



## गोवा

भारत के लोगों के लिए गोवा परफेक्ट वेकेशन डेस्टिनेशन है। यहां की नाइट लाइफ से लेकर बीच पर सनबाथिंग सभी को पसंद है। दिसंबर के मौसम में भी आपको गोवा में गर्मी का अहसास होगा। यहां का तापमान तीस डिग्री तक रहता है, जो सर्दियों को नापसंद करने वालों के लिए परफेक्ट है।



# इस देश के लोग सबसे पहले मनाते हैं न्यू ईयर, जमकर फोड़ते हैं पटाखे

**लंदन।** नया साल आने वाला है और दुनिया भर में लोग तैयारियां कर रहे हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि पृथ्वी पर सबसे पहले न्यू ईयर कौन सा देश मनाता है? जवाब है किरिबाती! यह छोटा सा द्वीपीय राष्ट्र प्रशांत महासागर में बसा है और यूटीसी+14 टाइम जोन में होने की वजह से यहां सबसे पहले नए साल की मिडनाइट होती है। खासकर किरितिमाती आइलैंड (जिसे क्रिसमस आइलैंड भी कहते हैं) पर लोग सबसे पहले 1 जनवरी का स्वागत करते हैं। किरिबाती में न्यू ईयर का जश्न काफी उत्साहपूर्ण होता है। लोग पटाखे फोड़ते हैं, पारंपरिक डांस करते हैं, कम्युनिटी में बड़े फीस्ट आयोजित करते हैं और चर्च में प्रेयर करते हैं। किरितिमाती पर हजारों लोग इकट्ठा होकर म्यूजिक, गाने और खुशियां मनाते हैं। हालांकि, यह जश्न सिडनी या न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों की तरह भव्य नहीं होता। 1995 में किरिबाती सरकार ने इंटरनेशनल डेट लाइन को पूर्व की ओर घुमाया ताकि पूरे देश में एक ही तारीख रहे। इससे यह फायदा हुआ कि किरिबाती दुनिया का पहला न्यू ईयर सेलिब्रेट करने वाला देश बन गया।

**दुनिया के इस कोने में सबसे पहले आएगा**



# कोविड वैक्सीन के कारण युवाओं की हार्ट अटैक से नहीं हुई मौत, वजह अत्याधिक शराब-दिनचर्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अचानक मौतों का कोई दस्तावेजीकरण नहीं हुआ, लेकिन एम्स ने शोध में इसे दर्ज किया गया। फिर इस पर लंबे समय तक रिसर्च हुई।

भारत में युवाओं में अचानक होने वाली मौतों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक संयुक्त शोध अध्ययन ने इस पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। शोध के प्रारंभिक निष्कर्षों में कहा गया है कि इन मौतों का कोविड-19 टीकाकरण से कोई संबंध नहीं है। एम्स दिल्ली के पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुधीर अरावा ने इस शोध के परिणामों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि अचानक होने वाली मौतों का कोविड-19 वैक्सीनेशन से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने युवाओं में अचानक होने वाली मौतों के कारणों का विश्लेषण किया और पाया कि इसका मुख्य कारण दिल का दौरा था। जब कोरोनरी धमनियां अवरुद्ध हो जाती हैं, तो हृदय का सामान्य कामकाज रुक जाता है, जिसके कारण अचानक मौत हो जाती है। बता दें, यह अध्ययन एक वर्षीय शोध पर आधारित था और इसके परिणाम आईसीएमआर की एक पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोध में यह भी स्पष्ट किया गया कि अब तक भारत में इस तरह की अचानक मौतों का कोई दस्तावेजीकरण नहीं हुआ था, हालांकि, एम्स के शोध में इसे दर्ज किया गया है।डॉ. अरावा ने युवाओं में अचानक मौतों के अन्य संभावित कारणों को समझाते हुए कहा कि जीवनशैली एक बड़ा कारण हो सकता है। आजकल युवाओं में अत्यधिक शराब का सेवन, अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी देखी जा रही है, जो दिल के दौरे का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जीवनशैली में सुधार लाने की आवश्यकता है। डॉ. अरावा ने आगे यह भी बताया कि आनुवंशिक विश्लेषण पर आधारित शोध भी जारी है ।





■ एम्स और आईसीएमआर की रिसर्च में हुआ खुलासा

## वैक्सीनेशन से कोई संबंध नहीं: शोधकर्ता

इस बीच जब शोधकर्ताओं से पूछा गया कि क्या कोविड-19 वैक्सीनेशन और युवाओं की अचानक मौतों के बीच कोई संबंध है, तो डॉ. अरावा ने कहा कि हमने इस संभावना को भी ध्यान में रखा था, लेकिन हमारे शोध से यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि इन मौतों का कोविड-19 वैक्सीनेशन से कोई संबंध नहीं है। इस शोध ने यह साबित कर दिया है कि कोविड-19 टीकाकरण युवाओं में अचानक मौतों का कारण नहीं है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com